बैंकिंग क्षेत्र की वृद्धि का गहरा संबंध भारतीय अर्थव्यवस्था से है जिसके 2015 से 2016 के मध्य 5.5-6 प्रतिशत दर से बढ़ने की संभावना है। बैंकिंग उद्योग आर्थिक विस्तार तथा सहायक सरकारी नीतियों से लाभ प्राप्त करेगा क्योंकि इसके कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में आए उतार-चढ़ाव तथा भूराजनीतिक व्यवधान से रक्षा प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होगी, बैंकिंग जागरूकता का विस्तार होगा तथा अधिक लोग बैंकिंग से जुड़ेंगे।

मांग में वृद्धि तथा बैंकों में मियादी जमा में वृद्धि के परिणामस्वरूप मुद्रा आपूर्ति (एम 3) में वृद्धि होगी। मुद्रा आपूर्ति (एम 3) में वृद्धि भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमानित 13% वृद्धि से आगे निकलने में सहायक होगी। एफसीएनआर (बी) अथवा अनिवासी विदेशी मुद्रा (बैंक) जमाराशियों से जमाराशि वृद्धि में विकास अपेक्षित है जिसमें प्रभावशाली ढंग से वृद्धि हो रही है। इसके लिए भारतीय रिज़र्व बैंक को धन्यवाद। तीन महीनों सितंबर से नवंबर अवधि के बीच एफसीएनआर (बी) जमाराशियां तथा विदेशी मुद्रा उधार को आकर्षित करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने विशेष छूट डॉलर स्वैप विन्डो की घोषणा की जिसके द्वारा 34 बिलियन प्राप्त हुआ तथा रुपए को प्रचुर स्थिरता प्रदान करने में सुविधा मिली। भारतीय रिज़र्व बैंक की पिछली नीति घोषणा के बाद जमाराशि में वृद्धि हुई तथा परिणामस्वरूप विभिन्न बैंकों द्वारा जमाराशि दर में वृद्धि की गई। जबकि बैंकों ने विभिन्न परिपक्वता के दरों में परिवर्तन किया, ₹ 1 करोड़ से कम प्रवर्ग में अल्पावधि में अधिकांश उच्च पुनरीक्षण पाए गए। जनता के साथ करेंसी वृद्धि में भी तेजी आई।

वार्षिक एम 3 वृद्धि दर 15.1 प्रतिशत से भारतीय रिज़र्व बैंक के निदर्शक बिंदु से आगे निकल गया तथा पिछले वर्ष की तुलना से 13.1 प्रतिशत उच्च रहा जो प्रमुखतया मांग जमाराशि तथा सावधि जमाराशि में बढ़े करेंसी के कारण हुआ। इसके अतिरिक्त जनता के साथ करेंसी जो व्यापक मुद्रा का अन्य प्रमुख घटक है उसमें भी तीव्र वृद्धि हुई।

2013-14 के दौरान वृद्धिशील व्यक्तिगत ऋण तेजी से उभरा। पिछले वर्ष की तुलना उनकी वृद्धि 21.2 प्रतिशत दर्शाते हुए ₹ 1.39 ट्रिलियन हुई। वर्ष के दौरान वृद्धिशील आवास ऋण तथा उपभोक्ता वस्तुओं में तेजी से वृद्धि हुई। यह वर्ष के दौरान कार बिक्री में आई गिरावट के अनुसरण में रहा। वृद्धिशील व्यक्तिगत ऋण में बेहतर वृद्धि के कारण पिछले वर्ष 14.7 प्रतिशत की तुलना में व्यक्तिगत ऋण में 15.5 प्रतिशत वृद्धि हुई।

गैर खाद्य ऋण के 45 प्रतिशत का जिम्मेदार औद्योगिक क्षेत्र रहा। वर्ष 2013-14 में लगातार दूसरे वर्ष औद्योगिक क्षेत्र द्वारा कुल व्यापार ऋण में गिरावट पाई गई। पिछले वर्ष की तुलना में 2013-14 में गिरावट 0.1 प्रतिशत से ₹ 2.93 ट्रिलियन रही। अगस्त -सितंबर 2013 के दौरान वृद्धिशील ऋण में तेजी के बावजूद भी गिरावट रही। निवेश की गिरती गतिविधियों संग औद्योगिक उत्पाद में कमी के कारण इस वर्ष ऋण कम रहा। औद्योगिक क्षेत्र के बकाया ऋण में वृद्धि में 15.1 प्रतिशत से 2012-13 में 13.1 प्रतिशत कमी आई। खनन और उत्खनन, कपड़ा, पेट्रोलियम, केमिकल उत्पाद, सिमेंट, बेसिक मेटल तथा उर्जा उद्योग में वर्ष के दौरान ऋण में गिरावट आई। वाणिज्यिक पेपर (सीपी) से अलग कार्पोरेट के वित्तीय प्राथमिकताएं परिवर्तित हुई तथा अगस्त-सितंबर 2013 के दौरान ऋण में अन्य ऋण लिखतों की तेजी आई।

15-31 जुलाई 2013 के दौरान विनिमय दर के दबाव को कम करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने चल निधि को सीमित करने के उपायों को कार्यान्वित किया। इसमें एमएसएफ दर 200 बीपीएस से 10.25 प्रतिशत बढ़ाना सम्मिलित है तथा एनडीटीएल के एलएएफ उधार को 0.5 प्रतिशत सीमित करना और सीआरआर आवश्यकताओं को प्रतिदिन न्यूनतम 70 प्रतिशत से 99 प्रतिशत बढ़ाना है। इससे मुद्रा बाजार दरों में तीव्र वृद्धि हुई। परिणामस्वरूप वाणिज्यिक पेपर (सीपी) द्वारा बाजार उधार तथा अन्य ऋण लिखत महंगे हो गए। अतएव कॉर्पोरेट ने ऋण लिखतों राशि वृद्धि से बचना आरंभ किया तथा अपनी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए बैंक ने वित्तपोषण की ओर बढ़ना आरंभ किया।

वित्तपोषण चयन में परिवर्तन से सीपी तथा अन्य ऋण लिखतों से ली गई राशि में काफी गिरावट भी दिखना आरंभ हुआ। सीपी के जारी करने से प्राप्त निधि सितंबर 2013 तिमाही में ₹1.11 ट्रिलियन दर्ज हुआ जो नौ तिमाहियों में सबसे कम था। पिछली चार तिमाहियों में सीपी द्वारा प्राप्त औसत राशि से यह 44.7 प्रतिशत कम था। इसके बाद सीएमआईई कार्पोरेट ऋण डाटाबेस के अनुसार पिछली तिमाही की तुलना में सितंबर 2013 तिमाही के दौरान चार वर्षों में न्यून ₹ 427.11 बिलियन अन्य ऋण लिखत रहा जिसमें 51.5 प्रतिशत की गिरावट रही।

अगस्त-सितंबर 2013 के दौरान ऋण में यदि असाधारण वृद्धि दर्ज न की गई होती तो 2013-14 के दौरान वृद्धिशील ऋण में कमी आई होती। वस्तुत: अगस्त-सितंबर अवधि को छोड़कर पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में 2013-14 में वृद्धिशील ऋण में 7.6 प्रतिशत की कमी आई। सेवा क्षेत्र तथा कृषि एवं संबंधित गतिविधियों तथा व्यक्तिगत ऋण में 2013-14 में वृद्धिशील ऋण में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष के दौरान औद्योगिक क्षेत्र द्वारा ऋण लेने में आंशिक कमी आई। पिछले वर्ष की तुलना में सेवा क्षेत्र को वृद्धिशील ऋण में 43.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो 2013-14 में ₹1.85 ट्रिलियन दर्ज करते हुए अब तक की उच्चतम उपलब्धि रही। परिणामस्वरूप, पिछले वर्ष के मात्र 12.6 प्रतिशत की तुलना में सेवा क्षेत्र में ऋण वृद्धि 16.1 प्रतिशत रही। वृद्धिशील ऋण में यह बढ़त परिवहन परिचालक, टूरिज्म, होटल तथा रेस्टारंट, शिपिंग, वाणिज्यिक रियल इस्टेट तथा एनबीएफसी क्षेत्र द्वारा स्वस्थ ऋण के कारण रहा।

उद्योग के आकार के वर्गीकरण के आधार पर, 2013-14 के दौरान बड़े उद्योगों द्वारा ऋण प्राप्त करने में 9.2 प्रतिशत से ₹ 2.23 ट्रिलियन की गिरावट आई। यद्यपि, इस गिरावट का समायोजन सूक्ष्म तथा लघु उद्योग ऋण में वृद्धि रही जो 20.1 प्रतिशत से 23.7 प्रतिशत तक बढ़त दर्ज की।

जबकि डालर बहिर्प्रवाह के कारण चल निधि काफी सीमित रही, जमाराशि वृद्धि से ऋण वृद्धि आगे निकल गई तथा सरकार के बाजार उधार में वृद्धि हुई, एक लगातार चुस्त स्रोत से करेन्सी परिचालन में वृद्धि हुई। भारतीय रिज़र्व बैंक के आंकड़े दर्शाते हैं कि 2013-14 में जनता में करन्सी की वृद्धि 9.4 प्रतिशत से ₹ 13 लाख करोड़ हुई। यह पिछले वर्ष की 11.6 प्रतिशत वृद्धि तथा 2011-12 में 12.2 प्रतिशत वृद्धि पर आधारित थी। इस वर्ष के दौरान, औसत तौर पर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने दैनिक रूप में रेपो ऑक्सन के द्वारा बैंकों में ₹ 60,000 करोड़ दिया। इसके ऊपर केन्द्रीय बैंक ने बांड खरीद के द्वारा ₹ 16,000 करोड़ डाला तथा विभिन्न कार्यकाल के टर्म रेपो के द्वारा लगभग ₹ 1 लाख करोड़ प्रदान किया। जनता के पास करेन्सी वर्षानुवर्ष 9 प्रतिशत तक बढ़ गई। पिछले वर्षों में दो डिजिट खुदरा मुद्रास्फिति ने जनता में करेन्सी धारण में वृद्धि की। वित्तीय आस्तियों में निवेश, विशेषकर बैंक जमाराशियों में गिरावट आई तथा भौतिक आस्तियों जैसे रियल इस्टेट तथा सोने में नकदी में उच्च वृद्धि हुई।

एक क्षेत्र जिसमें बैंक को अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभानी है वह है वित्तीय समावेशन। वर्ष 2011 में विश्व बैंक द्वारा आयोजित सर्वे में कहा गया है कि औपचारिक बैंकिंग संस्थान में भारत के समस्त वयस्कों का केवल 35 प्रतिशत खाता है। जबकि यह आंकड़ा निर्धनतम आय में 21 प्रतिशत है। देश में यह वित्तीय समावेश के आपार अवसर को स्पष्ट करता है जिससे भावी वृद्धि की जा सकती है। इसके अतिरिक्त रिज़र्व बैंक की नीतियों ने वित्तीय समावेशन को प्राथमिकता दी है जो एक अवसर देती है जो दोबारा प्रदर्शित नहीं हो सकती है। भारत सरकार ने सूचित किया है कि 2,000 से अधिक जनसंख्या वाले गांव में कम से कम एक शाखा खोलनी है तथा बाह्य गांवों को भी कवर करना है। बैंक के लिए यह भी आवश्यक है कि वह बोर्ड अनुमोदित वित्तीय समावेशन योजना निरूपित करे जिसके कार्यान्वयन की निगरानी भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा की जाएगी। भारत सरकार ने एटीएम तथा मोबाईल/ऑनलाइन बैंकिंग सुविधाएं प्रदान कर वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। इसके अतिरिक्त, विशेषज्ञों की

यह सलाह है कि आनेवाले दशक में एटीएम की संख्या में पांच गुना वृद्धि की जानी चाहिए। भारत में मोबाइल बैंकिंग चैनल का प्रयोग नहीं किया गया है, 900 मिलियन बैंक खाते मोबाइल से जुड़े हैं। यह क्षेत्र भारतीय बैंकिंग उद्योग के लिए विविध अवसर प्रदान करता है।

यद्यपि, भारत में बैंक कुछ चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। वे बेसल-III मानकों के अनुरूप पूंजी इकट्ठा कर रहे हैं, आस्ति गुणवत्ता मुद्दों के साथ-साथ पुनर्गठन ढ़ांचे तथा मानव संसाधन प्रबंधन मामलों में वृद्धि कर रहे हैं। मेकनज़ी रिपोर्ट की सलाह है कि भारत में बैंकों को मूल (कोर) तथा विशेषज्ञ कौशल के दोनों कर्मचारियों की नियुक्ति करनी है तथा कनिष्ठ स्तर पर संघर्षण को नियंत्रित करना है। उत्पादकता विकास जैसे ज्ञान प्रक्रिया का पुन: अभियंत्रीकरण, प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग तथा उद्योग स्तरीय उपयोगिता से किसी निजी भारतीय बैंकों को विशेष लाभ नहीं हुआ है।

कारोबार समीक्षा

जमाराशियां

वर्ष के दौरान बैंक की जमाराशि का ₹ 47,6974 करोड़ से ₹ 95,134 करोड़ तक वृद्धि हुई है जिसने 24.91% की वृद्धि दर्ज करते हुए रिकॉर्ड कायम किया है। पिछले वर्ष की तुलना में घरेलू जमाराशि ने ₹ 69,523 करोड़ वृद्धि दर्शाई जो 23.64% रही।



बचत बैंक जमाराशियों ने 13.12% की वृद्धि दर्ज की और चालू जमाराशियों ने 9.31% की वृद्धि दर्शाई। बचत तथा चालू जमाराशियों को मिलाकर कम लागत जमाराशियों की वृद्धि कुल घरेलू जमाराशियों में 29.97% रही। बैंक का जमाराशि आधार विविध प्रकार का रहा जिसमें 12% का घरेलू जमा ग्रामीण क्षेत्रों से आता है, 18% शहरी क्षेत्रों से तथा 57% महानगरीय क्षेत्र से आता है। 31 मार्च 2014 तक बैंक का ग्राहक आधार 77.34 मिलियन उधारकर्ता हैं।

अग्रिम

पिछले वित्तीय वर्ष 2012-13 में 14.66% वृद्धि दर की तुलना में बैंक का सकल घरेलू ऋण 29.52% की वृद्धि दर्ज किया जो 31.03.2013 को 204,036 करोड़ से 31.03.2014 को 264,260 करोड़ रही। सार्वजनिक क्षेत्र की इकाईयों तथा सार्वजनिक क्षेत्र कंपनियों में नए तथा वर्तमान में वृद्धिशील ऋण संवितरण तथा एनबीएफसी ने उच्च वृद्धि में योगदान दिया।

बृहद कार्पोरेट में तत्काल संवितरण, मध्य कार्पोरेट, एसएमई तथा कृषि क्षेत्र प्रचुर ऋण वृद्धि में सहायक रहे।

बैंक ने वर्ष के दौरान नया कारोबार विभाग स्थापित किया जिससे नए ग्राहकों को प्राप्त करने में सुविधा हो सके तथा ऋण वृद्धि गुणवत्ता, में वृद्धि हो सके।



वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ने 164 नए कार्पोरेट ग्राहकों को सम्मिलित किया। बैंक ने 10 बृहद कार्पोरेट बैंकिंग शाखाओं, 41 मध्य कार्पोरेट शाखाओं के द्वारा कार्पोरेट/मिड कार्पोरेट की विशेषीकृत आवश्यकताओं की पूर्ति की। रिटेल, एसएमई तथा कृषि के अन्य ग्राहकों की आवश्यकताओं की पूर्ति 4650 घरेलू शाखाओं से की जा सकती है। 5 महाद्वीपों में बैंक के 56 विदेशी केन्द्र हैं जो निर्यातकों तथा विदेशी ग्राहकों की ऋण आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं।

मूलभूत सुविधागत वित्तपोषण

वर्ष के दौरान, मूलभूत सुविधाएं परियोजना के अंतर्गत नए तथा वर्तमान खाते में उर्जा, दूरसंचार, रोड, बंदरगाह तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को कवर करते हुए बैंक ने पूंजी आधारित सीमा का ₹ 16,626 करोड़ तथा गैर पूंजी आधारित सीमा का ₹ 4,367 करोड़ स्वीकृत किया।

इस क्षेत्र में बैंक का सहयोग जारी रहा तथा अतिरिक्त ₹ 8,863 करोड़ का संवितरण हुआ जिसमें 52% उर्जा क्षेत्र में तथा 28% सड़क तथा बंदरगाह परियोजना में लगा।

कार्पोरेट ऋण

कार्पोरेट ग्राहकों को बैंक ने विशेषीकृत शाखाओं के द्वारा ऋण प्रदान किया जो सकल घरेलू ऋण का 54% योगदान देते हैं।

प्रमुख शहरों में 10 बृहद कार्पोरेट शाखाएं स्थित हैं जो देश के प्रमुख कार्पोरेट मुंबई, नई दिल्ली, कोलकाता, चेन्नै, बेंगलुरू, हैदराबाद, अहमदाबाद तथा पुणे को सेवाएं प्रदान करती हैं। उक्त के सहित शेष प्रमुख कारोबार को मिड कार्पोरेट ऋण विभाग, प्रधान कार्यालय से सम्बद्ध है तथा क्रेडिट प्रोसेसिंग सेल से सज्जित हैं।

बृहद कार्पोरेट

31.03.2014 तक कुल घरेलू अग्रिम में बृहद कार्पोरेट शाखाओं के द्वारा अग्रिम 41% है। एलसीबी के द्वारा कार्पोरेट में अग्रिम 31.03.2013 को ₹ 84,047 करोड़ से बढ़कर 31.03.2014 को ₹1,10,651 करोड़ हो गया जो पिछले वर्ष की तुलना में 31.65% वृद्धि दर्शाता है।

- बृहद कार्पोरेट शाखाएं, बृहद कार्पोरेट को सेवाएं प्रदान करती हैं जिसकी कुल बिक्री ₹ 500 करोड़ से अधिक है, ₹ 100 करोड़ से अधिक परियोजना लागत तथा मूलभूत सुविधाएं, एनबीएफसी तथा पीएसयू है। इस पर विशेष ध्यान देने के लिए तथा प्रतिवर्तन काल कम करने के लिए प्रत्येक एलसीबी में क्रेडिट प्रोसेसिंग केन्द्र स्थापित किया गया है जो सीधे प्रधान कार्यालय को रिपोर्ट करता है।
- कार्पोरेट की अन्य आवश्यकताओं जैसे नकदी प्रबंधन, फॉरेक्स, कोषागार उत्पाद, ट्रेड वित्तपोषण, जमाराशियां, खुदरा बैंकिंग तथा तृतीय पक्ष उत्पाद जैसे बीमा तथा म्युचुअल फंड में अल्पावधि निवेश की पूर्ति के लिए एक केन्द्रीय संपर्क प्रबंधक की सुविधा प्रदान की गई है।

- ऋण प्रसंस्करण की विभाजित भूमिका, ऋण टीम लीडर को रिपोर्ट करनेवाले संपर्की प्रबंधक तथा शाखा प्रबंधक की भूमिका द्वारा जोखिम को कम करना सुनिश्चित किया जा सकता है। बृहद् कार्पोरेट शाखाओं में प्रसंस्कृत ऋण प्रस्ताव सीधे प्रधान कार्यालय, बृहद कार्पोरेट महाप्रबंधक को भेजा जाता है। इससे प्रतिवर्तन काल में कमी आती है।
- प्रधान कार्यालय स्तर पर तथा साथ ही साथ बृहद कार्पोरेट शाखाओं के लम्बित प्रस्तावों/संदर्भों के निगरानी के लिए बैंक ने सिस्टम निर्मित किया है।

  प्रमुख उद्योग/सेवा क्षेत्रों जैसे मूलभूत सुविधाओं, स्टील, वस्त्र, एनबीएफसी, पीएसयू आदि के कार्पोरेट को इन बृहद कार्पोरेट शाखाओं द्वारा सेवा प्रदान की जाती है।

मिड कार्पोरेट

संपूर्ण औद्योगिक विकास में मिड कार्पोरेट की भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए बैंक ने अलग वर्टिकल बनाने का निर्णय लिया तथा 7 डिविजनल कार्यालय तथा 41 मिड कार्पोरेट शाखाओं को खोला। प्रस्तावों के प्रसंस्करण के लिए 12 ऋण प्रसंस्करण केन्द्रों (सीपसी) की स्थापना की गई।

इस क्षेत्र में व्यापक संभावनाओं से लाभ प्राप्त करने के लिए मिड कार्पोरेट वर्टिकल की स्थापना की गई जो कम जोखिम में उच्च लाभ प्रदान करता है।

मिड कार्पोरेट शाखाएं ₹100 करोड़ से ₹500 करोड के मध्य कुल बिक्री मिड कार्पोरेट को प्रदान करती हैं तथा परियोजना लागत ₹10 करोड़ से ₹100 करोड़ के बीच में है जो बुलियन तथा डायमंड क्षेत्र के ग्राहकों के अतिरिक्त है।

कुल घरेलू ऋण पोर्टफोलियो का 12.91% योगदान मिड कार्पोरेट वर्टिकल का होता है।

वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान मिडकार्पोरेट शाखाओं के अंतर्गत कुल ऋण ₹30,949 से बढ़कर ₹34,923 करोड़ हो गया तथा 12.48% की वृद्धि दर्ज की।

नया कारोबार

जनवरी 2014 में नया कारोबार विभाग स्थापित किया गया जिसका उद्देश्य पीएसयू, मिड तथा लार्ज कार्पोरेट से नया कारोबारी रिश्ता कायम करना है। जहां हमारा बैंकिंग रिश्ता नहीं है वहां बैंकिंग सुविधाओं का गुलदस्ता प्रदान कर ग्राहक की अपेक्षा अनुसार उत्पादों को बनाया जाए। इस विभाग के प्रमुख महाप्रबंधक है।

3 माह की अल्पावधि में, विभाग सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र के काफी उद्यमों से रिश्ता निर्मित करने में सफल रहा। प्रमुख पब्लिक सेक्टर कंपनियों में संवितरण में काफी वृद्धि हुई। मिडियम टर्म प्लान के रूप में नया कारोबार विभाग ने मिड तथा लार्ज कार्पोरेट क्षेत्र से नए ग्राहकों को अच्छी संख्या में प्राप्त करने की योजना बनाई। वित्तीय स्थितियों के विश्लेषण के बाद लगभग 950 कार्पोरेट को विभाग ने चयनित किया तथा कार्पोरेट की भौगोलिक उपस्थिति के अनुसार सूची को मिड तथा लार्ज कार्पोरेट शाखाओं तथा आंचलिक कार्यालयों में आरंभिक रिश्ता निर्मित करने के उद्देश्य से परिचालित किया। दूसरे कदम के रूप में संभावित ग्राहकों से मिलने, उनकी आवश्यकताओं को समझने तथा उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पाद को स्वरूप देने के लिए विभाग ने शाखाओं/अंचलों को सभी लॉजिस्टिक सहयोग प्रदान किया। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए बैंक की फीस आधारित आय को बढ़ाने के लिए सिंडिकेशन तथा प्रोजेक्ट फाइनान्स कारोबार प्राप्त करने के लिए विभाग ने प्रस्तावित किया।

परियोजना वित्तपोषण तथा सिंडिकेशन

बैंक ने परियोजना वित्तपोषण तथा सिंडिकेशन समूह में उच्च अनुभवी तथा शिक्षित प्रोफेशनल्स कार्यरत हैं। यह मूलभूत सुविधाओं तथा औद्योगिक परियोजनाओं के प्रस्तावों पर कार्य करते हैं।

यह तकनिकी अप्रेजल, अन्डरराइटिंग तथा ऋण सिंडिकेशन का कार्य करता है। वर्ष 2013-14 के दौरान ₹6,915 करोड़ के परियोजना लागत सहित वित्तीय क्लोजर किया गया तथा सिंडिकेशन ऋण ₹4768 करोड़ रहा।

अंतर्राष्ट्रीय सिंडिकेशन ऋण के लिए बैंक मैनडेटेड लीड अरेन्जर (एमएलए) तथा ज्वाइंट बुक रनर (जेबीआर) के रूप में कार्य करता है तथा उद्योग के व्यापक रेंज को कवर करते हुए भारतीय कार्पोरेट के विस्तार/अधिग्रहण तथा संयुक्त वेंचर्स के लिए ऋण की व्यवस्था करता है।

टेक्निकल अप्रेजल विभाग जो सिंडिकेशन टीम को सहयोग प्रदान करता है वह सिंडिकेशन ऋण के अतिरिक्त औद्योगिक ऋण का मूल्यांकन करता है। इस टीम में प्रोफेशनल इंजिनीयर रहते है जो वर्ष के लिए प्रौद्योगिकी संबंधित जोखिम का मूल्यांकन करते हैं तथा बैंक को औद्योगिक आस्तियों की गुणवत्ता विकास में समर्थ बनाते हैं। इस विभाग ने वर्ष के लिए ₹15.90 करोड़ का फीस आधारित आय अर्जित की।

निर्यात ऋण

आयातकों तथा निर्यातकों ग्राहकों की घरेलू तथा विदेशी मुद्रा की आवश्यकताओं की पूर्ति बैंक के प्रमुख कार्यों में से एक है। इस दिशा में कार्य करने के लिए पूरे देश में बैंक की 217 शाखाएं अधिकृत हैं जो आयातकों तथा निर्यातकों के ऋण/विदेशी विनिमय आवश्यकताओं को पूरा करती हैं तथा विदेशी विनिमय कारोबार करती हैं। बैंक के निर्यात ऋण ने ₹1,898 करोड़ की वृद्धि दर्ज की है यथा मार्च 2013 के 21% वृद्धि 31 मार्च 2014 को ₹10,997 तक पहुंच गई। नेट समयोजित बैंक ऋण के निर्यात ऋण की हिस्सेदारी मार्च 2014 को 4.15% थी।

निर्यातकों तथा गैर-निर्यातकों दोनों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति बैंक की विदेशी शाखाओं के ईसीबी के द्वारा की जाती है तथा घरेलू शाखाओं द्वारा विदेशी मुद्रा ऋण का कार्य किया जाता है। इस प्रकार के अग्रिम की राशि 31.03.2014 तक यूएसडी 447 मिलियन है (इसीकी यूएसडी पर मिलियन तथा विदेशी मुद्रा ऋण यूएसडी 405 मिलियन मिलाकर है) जो ₹2,678 करोड़ के बराबर है। बैंक विदेशी मुद्रा में पोतलदान-पूर्व तथा पोतलदान-पश्चात निर्यात ऋण प्रदान करता है तथा 31.03.2014 तक बकाया राशि यूएसडी 585 मिलियन है (₹3,505 करोड़ के बराबर)।

लेन-देन (ट्रांजेक्शन) बैंकिंग

बैंक का ट्रांजक्शन बैंकिंग विभाग 3 कारोबारी लाइन पर केन्द्रित है, जिसमें बैंक के प्रमुख राजस्व प्राप्तकर्ता का उद्देश्य है जो निम्नलिखित हैं :-

- नकदी प्रबंधन सेवाएं,
- चैनल वित्तपोषण,
- ट्रेड वित्तपोषण, तथा

बैंक के कार्पोरेट तथा उच्च निवल मालियत (एचएनडब्ल्यू) ग्राहकों के घर पर सेवाएं प्रदान करना, नकदी प्राप्त करना (द्वार द्वार बैंकिंग) सभी शाखाओं के लिए है। लक्ष्य किए गए ग्राहकों से इस विषयक सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है जिन्हें बैंक से विशाल राशि को लाने-ले-जाने की चिंताओं से छुटकारा मिला। वर्ष 2013-14 के दौरान बैंक ने विपणन का विशेष प्रयास किया तथा छत्तीसगढ़ (रायपुर अंचल), झारखंड (रांची अंचल), उत्तरांचल (गाजियाबाद अंचल), आसाम तथा मेघालय (सिलीगुड़ी अंचल) के सरकार से संपर्क का बेहतर परिणाम प्राप्त किया।

अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग

5 महाद्विपों तथा 22 देशों की उपस्थिति में बैंक सभी प्रमुख वित्तीय केन्द्रों जैसे लंदन, न्यूयार्क, पेरिस, टोक्यो, सिंगापुर तथा हाँगकाँग में सेवाएं प्रदान करता है। 31.03.2014 तक बैंक की 56 विदेशी शाखाओं का नेटवर्क स्थापित हुआ जिसमें 5 प्रतिनिधि कार्यालय 5 सब्सिडरीज तथा/जॉइंट वेन्चर है।

सभी केन्द्रों फिनेकल प्लेटफार्म पर कार्यरत हैं जिससे प्रबंधन विकास प्रणाली तथा ग्राहक सेवा में विकास हुआ है।

मल्टी करेंसी अंतर्राष्ट्रीय सिंडीकेशन ऋण के लिए बैंक मैन्डेटेड लीड मैनेजर (एमएलए) तथा जॉइंट बुक रनर (जेबीआर) के रूप में काम करता है तथा भारतीय कार्पोरेट को उनके विस्ताार/अधिग्रहण तथा जॉइंट वेन्चर्स सहित व्यापक उद्योग को कवर करते हुए यूएसडी, जेपीवाई, यूरो तथा जीबीपी मुद्रा में ऋण की व्यवस्था करता है।

मुंबई में बैंक का ग्लोबल रेमिटेन्स केन्द्र (जीआरसी) है। आवक रेमिटेन्स, अनिवासी भारतीयों का एनआरआई/एनआरओ खाता खोलने का कार्य जीआरसी में केन्द्रीकृत है। जमाराशियों तथा धनप्रेषण के मामले में अनिवासी ग्राहकों हेतु सेवाएं हैं जिसमें धनप्रेषण के लिए एसएमएस अलर्ट तथा साथ ही साथ प्राप्त करनेवाले के लिए खाडी देशों में सेवाएं आरंभ की गई हैं। स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) हेतु तीव्र धनप्रेषण की सुविधा है। बैंक ने बीओआई प्रिमियम एनआर डिपॉजिट स्कीम का आरंभ किया है।

बैंक ने मोस्ट एफिशियन्ट बैंक अमंग्स्ट ऑल बैंक्स इन केन्या फॉर दि इयर 2012 थिंक बिजनेस तथा बेस बैंक अवार्ड फॉर आईसीटी प्राप्त किया।

31 मार्च, 2014 तक विदेशी शाखाओं की कुल जमाराशि ₹1,13,384 करोड़ रही जो पिछले वर्ष की तुलना में ₹25,611 करोड़ (29%) की वृद्धि दर्ज की। कुल अग्रिम ₹ 1,11,969 करोड़ रहा जिसने पिछले वर्ष पर ₹ 23,022 करोड़ (26%) की रिकार्ड वृद्धि दर्ज किया। निवेश ₹ 5,661 करोड़ रहा। विदेशी शाखाओं का परिचालन लाभ मार्च, 2014 के अंत में ₹ 1431 करोड़ रहा जिसमें पिछले वर्ष पर ₹ 250 करोड़ की वृद्धि दर्ज किया। मार्च 2013 की तुलना में कुल लाभ में ₹669 करोड़ वृद्धि हुई। वैश्विक कारोबार तथा लाभ के योगदान के अनुसरण में विदेशी शाखाओं ने वैश्विक कारोबार में 26.41% योगदान दिया, परिचालनात्मक लाभ तथा कुल लाभ 31.03.2014 को समाप्त वर्ष में क्रमश: 16.99% तथा 24.51% रहा।

बुलियन बैंकिंग

बैंक ने नवंबर, 1997 में बुलियन बैंकिंग आरंभ किया। आरंभ में यह योजना सिप्ज़ तथा अहमदाबाद में आरंभ की गई तथा बाद में अन्य शाखाओं में लागू की गई। आज की तिथि तक यद्यपि 9 शाखाएं बुलियन कारोबार करने के लिए अधिकृत है तथा केवल 4 शाखाएं कारोबार कर रही हैं। सोने के निर्यातकों तथा घरेलू सुनारों के लिए कंसाइनमेन्ट के रूप में सोना प्राप्त किया गया। बैंक ने वर्ष 2013-14 में 16,159 किलो सोना बेचा तथा कुल बिक्री ₹ 4,179 करोड़ की रही जिसमें से ₹ 60 करोड़ का लाभ रहा। वर्ष के दौरान आय में 47.70% वृद्धि रही।

फॉरेक्स कारोबार

निर्यातकों तथा आयातको के विदेशी विनिमय की ज़रूरतों के परिप्रेक्ष्य में बैंक द्वारा सँभाले गए फोरेक्स कारोबार में अच्छी खासी वृद्धि परिलक्षित हुई है। वर्ष 2013-14 के दौरान, मर्चेंट और इंटर बैंक टर्नओवर क्रमश: ₹ 203,720 करोड़ और ₹ 499,187 करोड़ था। बैंक फारेक्स कारोबार में अग्रणी प्लेयर रहा है। वर्ष के दौरान बैंक की कोषागार शाखा का कुल टर्नओवर ₹ 702,907 करोड़ था।

ट्रेजरी निवेश

बेंचमार्क 10 वर्ष सरकारी प्रतिभूति पर आय जो 31 मार्च, 2013 को 7.96 % थी, यथा दिनांक 31.03.2014 को 8.80 % बढ़ गयी। यद्यपि वर्ष के दौरान सरकारी प्रतिभूतियों की आय अत्यधिक अस्थिर रही तथा यह 7.089 % से 9.473 % की विस्तृत दायरे में रही। हमारे बैंक ने ब्याज आय तथा बाजार जोखिम के बीच संतुलन कायम रखते हुए निवेश के उच्च स्तर बनाए रखे। हमारे बैंक ने निवल मांग एवं मियादी देयताओं की 23% की विनियामक ज़रूरतों से अधिक उच्च स्तर के एसएलआर निवेश बनाए रखा है ताकि अतिरिक्त एसएलआर रेपो/ सीबीएलओ विंडो से उधार के लिए प्रयोग किया जा सके। हमारे कुल आधार पर एसएलआर निवेश ₹ 91,943 करोड़ (कुल निवेश का 87.66%) तथा गैर एसएलआर निवेश ₹ 12941 करोड़ (कुल निवेश का 12.84 %) रहा। इस संबंध में व्यापक नीति के अनुरूप निवेश किए गए है जिसके बाजार की गतिविधियों / विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप नीति की आवधिक समीक्षा की जाती है।

ट्रेजरी परिचालन

वर्ष 2013-14 के दौरान बैंक ने बाजार के सभी क्षेत्रों अर्थात निधियों, फॉरेक्स तथा बांड में सक्रिय भूमिका निभाई है। सरकारी प्रतिभूतियों की दर गतिविधि से लाभ लेते हुए बैंक ने अपने निवेश संविभाग को सुधारा तथा प्रतिभूतियों की बिक्री एवं व्यवसाय से लाभ अर्जित किए। बैंक ने वर्ष 2012-13 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2013-14 में प्रतिभूतियों की बिक्री से लाभ में 78.08 % वृद्धि दर्ज की। बैंक ने विविध बाजार क्षेत्रों के मध्य अंतरपणन अवसर का लाभ उठाया है जिससे जमा प्रमाण-पत्र (सीडी), विदेशी विनिमय स्वैप की खरीद/बिक्री, मियादी मुद्रा बाजार में अधिक रुपया निधि रख पाया जिससे 1.00% से 1.50 % का विस्तार हुआ। बैंक ने ''टी'' बिलों तथा अतिरिक्त प्रतिभूतियों के विरुद्ध सीबीएलओ/रेपो में उधार लेकर सीडी में ₹ 364 करोड़ का पोर्टफोलियो तैयार किया है जिससे अनुमानत: 0.25 % से 0.75 % का विस्तार प्राप्त हुआ है।

नैशनल बैंकिंग ग्रूप (प्रधान कार्यालय) :

ग्रामीण बैंकिंग

1. प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम:

प्राथामिक प्राप्त क्षेत्र के अग्रिम बड़ा कारोबारी मौका प्रदान करने के अलावा, व्यापक सामाजिक जिम्मेदारियां भी प्रदान करते हैं। बैंक ग्रामीण एवं अर्धशहरी शाखाओं के अपने व्यापक नेटवर्क एवं समर्पित कार्मिकों के साथ प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों और कृषि क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने में अग्रणी रहा है। बैंक ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत ₹ 82,021 करोड़ का उत्कृष्ट स्तर दर्ज किया है जो समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) का 40.45 % है।

विशेष कृषि ऋण योजना के अंतर्गत बैंक वित्तीय वर्ष तक ₹ 19,130 करोड़ का संवितरण कर सका। विभिन्न खंडों के अंतर्गत प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों की स्थिति निम्नलिखित है:

(राशि करोड़ में)

	यथा 31 मार्च		वृद्धि	
	2013	2014	राशि	प्रतिशत
1. कृषि	27,041	36,071	9,030	33.39
2. लघु उद्यम	28,913	35,504	6,591	22.80
3. शिक्षा	2,329	2,597	268	11.51
4. आवास	6,790	7,517	727	10.71
कुल प्राथमिकता क्षेत्र	**65,518**	**82,021**	**16,503**	**25.19**

2. केंद्रित जिलों में केंद्रीय प्रसंस्करण केन्द्र

कृषि ऋण में वृद्धि और ऋण प्रस्तावों की मंज़ूरी / संवितरण में टर्नअराउंड समय को कम करने के उद्देश्य से चयनित अंचलों में केन्द्रीय प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित किए गए हैं। अब तक विभिन्न अंचलों/ राज्यों में 52 सीपीसी कार्यरत हैं।

3. किसान क्रेडिट कार्ड:

किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लक्ष्य कृषकों को उनकी कृषि आवश्यकताओं के साथ-साथ गैर-कृषि गतिविधियों को पूरा करने के साथ यह भी उद्देश्य है कि उन्हें ऋण उपयोग के बारे में लचीली तथा परिचालनात्मक स्वतंत्रता मिल सके। वर्ष के दौरान बैंक ने कुल ₹ 6,155 करोड़ की कुल सीमा वाले 4.50 लाख नए किसान कार्ड जारी किए। बैंक द्वारा अब तक 17.08 लाख किसान क्रडिट कार्ड (संचयी) जारी किए जिसमें ₹ 18,155 करोड का वित्तीय परिव्यय शामिल है।

4. ऋण अदला-बदली (स्वैप) :

बैंक ने नई योजना यथा ऋण अदला-बदली डिज़ाइन की है जिसका उद्देश्य ऋणग्रस्त कृषकों को साहूकारों के बकाया देय से मुक्ति दिलाना है तथा अस्वाभाविक दरों पर गैर-संस्थागत देनदारों से ऋण भार से कृषकों को हो रही कठिनाईयों को कम करना है। इस योजना के प्रभावी कार्यांवयन के लिए 51 अग्रणी जिलों के सभी जिला प्रबंधकों को मुख्य भूमिका निभानी होगी .

5. विभेदक ब्याज दर:

बैंक द्वारा कार्यान्वित विभेदक ब्याज दर (डीआरआई) योजना नाम के अंतर्गत उत्पादक उद्यमों हेतु चयनित कम आय समूहों को 4% की छूट दर पर वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना है। बैंक ने इस वर्ष के दौरान डीआरआई योजना के तहत 4094 मामले स्वीकृत किए गए हैं।

6. अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण हेतु प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्रीय कार्यक्रम:

अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण हेतु केन्द्रित ध्यान सहित, बैंक विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों जैसे सिख, मुस्लिम, इसाई, जोरास्ट्रियन तथा बौद्ध को वित्त प्रदान कर रही है। वर्ष 2013-14 के दौरान बैंक ने विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों को ₹ 4,544 करोड़ का वित्त दिया है और यथा मार्च, 2014 को ₹ 12,295 करोड़ का अतिदेय स्तर दर्ज किया गया।

7. स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना:

बैंक सक्रिय रूप से स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना (जीजेआरएचएफएस) के कार्यान्वयन में शामिल है तथा राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा आबंटित 8100 इकाई के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। वर्ष के दौरान स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अंतर्गत बैंक ने 20119 मामलों को स्वीकृत किया।

बैंक ने वित्तीय समावेशन को महाप्रबंधक के नेतृत्व में एक नए कारोबारी इकाई के रुप में तैयार किया है जिसमें बोर्ड द्वारा अनुमोदित वित्तीय समावेशन योजना है। बैंक ने कारोबारी संपर्कियों एवं आईसीटी आधारित हैंड धारित उपकरणों (माइक्रो एटीएमों) के माध्यम से 40160 गाँवों को बैंकिंग सेवाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक ने अन्तर्निहित ओवरड्राफ्ट सुविधाओं वाले नो फ्रिल अकाउन्ट्स के माध्यम से 125 लाख



8. सूक्ष्म वित्त/सूक्ष्म ऋण और महिलाओं को ऋण

सूक्ष्म ऋण की योजना गरीबों को गरीबी के स्तर से ऊपर उठाने के लिए उन्हें बढ़े हुए स्व-नियोजन अवसर प्रदान कर उन्हें ऋण लेने योग्य बनाने के लिए एक प्रभावशाली साधन के रूप में पाई गई है। बैंक महिलाओं को ऋण देने में सक्रियता से सभागिता कर रहा है और प्राथमिकता क्षेत्र के तहत ₹ 10,502 करोड़ का बकाया स्तर दर्ज किया है जिसमें ₹ 787 करोड़ सूक्ष्म ऋण के तहत है।

9. सौर ऊर्जा आवास प्रकाश प्रणाली

बिजली की समस्या से निपटने के लिए बैंक ने सौर उर्जा आवास बिजली प्रणाली की योजना का आरम्भ किया है। सौर ऊर्जा आवास प्रकाश प्रणाली की खरीद तथा संस्थापन के लिए भावी उधारकर्ताओं को बैंक वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। ₹ 8.50 करोड़ के वित्तीय परिव्यय सहित बैंक ने अब तक 2456 इकाइयां स्वीकृत की है।

10. नया कृषि उत्पाद :

कृषकों की ऋण संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने और कृषि ऋण को बढ़ाने के लिए 6 नए कृषि उत्पाद आरंभ किए गए : 1) कृषि गोल्ड/ सिल्वर ऋण 2) किसान आल पर्पस लोन 3) एस्टेट पर्चेस लोन 4) किसान तत्काल योजना 5)पर्चेस ऑफ रीन्यूएबल एनर्जी स्कीम्स सोलर होम लाइटिंग सिस्टम, सोलर पम्प सेट और सोलर वॉटर हीटर तथा 6) पर्चेस ऑफ लैण्ड फॉर एग्रीकल्चरल पर्पस 11. अग्रणी बैंक दायित्व : पांच राज्यों यथा झारखण्ड (15), महाराष्ट्र (14), मध्य प्रदेश (13), उत्तर प्रदेश (7) तथा उड़ीसा (2) में फैले 51 जिलों की अग्रणी बैंक का दायित्व बैंक के पास है। इन सभी अग्रणी जिलों में बैंक सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। बैंक के लिए ₹ 10,581 करोड़ का ऋण व्यय शामिल करते हुए सभी अग्रणी जिला में वर्ष 2013-14 के लिए लिए वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) लागू की गई। बैंक की उपलब्धि ₹ 10,672 करोड़ रही जो वार्षिक ऋण योजना उपलब्धि का 100.86 % है।

बैंक को झारखंड राज्य में एसएलबीसी को अग्रणी बैंक संयोजक के रूप में पदनामित किया गया है।

वित्तीय समावेशन

देश के दीर्घकालिक विकास तथा विस्तृत विकास प्रक्रिया का वित्तीय समावेशन एक अनिवार्य पक्ष है। वित्तीय समावेशन को व्यवहार्य कारोबारी प्रस्ताव समझते हुए विपणन अभिमुख पहल को अपनाते हुए वित्तीय समावेशन में कूटनीति के परिवर्तन हैं। प्रतिमान नि:संदेह सीएसआर से आर्थिक व्यवहार्यता में परिवर्तित हुआ। वित्तीय क्षेत्र द्वारा आवश्यक सुरक्षित और प्रभावशाली ढंग से कम लागत लेनदेन आईसीटी आधारित सॉल्यूशन की उपलब्धता से संभव हो सका है। दायित्व के बजाए सम्पार्श्व अवसर के द्वारा बैंक प्रत्याशित बैंकिंग सेवाएं को देख रहा है।

लोगों को जोड़ा है। ऐसा उनको तुरंत उपयोग संबंधी जरूरतों और पात्र लोगों को उद्यम क्रेडिट प्रदान करने के लिए किया गया है ताकि वे पर्याप्त जीविका अर्जित कर सकें। इसके अलावा प्रवासी मजदूरों/स्वयं नियोजितों को मोबाइल आधारित धनप्रेषण सुविधा भी मुहैया करायी गयी है ताकि वे अपने परिवार के सदस्यों को धनराशि भेज सके और अन्य सेवाओं के साथ-साथ माइक्रो इंश्योरेंस सहित बैंक के थर्ड पार्टी उत्पादों तक अपनी पहुँच रख सकें। बैंक सरकार की केन्द्रीय/राज्य सरकारों के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना को प्रभावी ढ़ंग से पूरा कर रहा है।

बैंक आवश्यक भुगतान और अन्य आधारभूत संरचना सहायता देते हुए लाभार्थी के खाते में सीधे लाभ अंतरण के लिए केन्द्रीय/राज्य सरकारों के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना को प्रभावी ढ़ंग से पूरा कर रहा है।

वित्तीय समावेशन योजना (एफआईपी) 2013-14 के अंतर्गत प्रगति निम्नानुसार हैं :

- खोले गए बेसिक बचत बैंक खातों की संख्या : 107.28 लाख
- जारी स्मार्ट कार्डों की संख्या : 22.68 लाख
- जारी जीसीसी/केसीसी : 22.10 लाख
- लगाए गए कारोबार संपर्की : 6072
- लगाए गए चैनल प्रबंधन साझेदार : 105
- गांवों की संख्या जहां 100% वित्तीय समावेशन प्राप्त : 14060

बैंक ने 31.03.2014 तक 2000 से अधिक जनसंख्या वाले समस्त 4404 आबंटित गांवों में 100% वित्तीय समावेशन का लक्ष्य प्राप्त किया। पर्याप्त जोखिम प्रशामकों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं वाली बेहतरीन परिचालन प्रणालियाँ बनायी गई हैं और अमल में लाई जा रहीं हैं।

स्टार स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी)

ग्रामीण युवाओं के बीच बेरोजगारी की समस्या से निपटने के उद्देश्य से बैंक ने वर्ष 2005 में स्टार स्वारोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (एसएसपीएस) नामक समर्पित ट्रस्ट की स्थापना की पहल की। ट्रस्ट की स्थापना के तत्काल बाद दो एसएसपीएस (आरसेटी) की स्थापना भोपाल एवं कोल्हापुर में की गई। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इस पहल को मूल्यवान माना तथा इस प्रकार की संस्थाओं की स्थापना देश के प्रत्येक जिलों में ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण बीपीएल युवाओं को तलाश हेतु प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव दिया। स्थापना, अभिधान, प्रायोजन, प्रबंधन कार्यक्रम संरचना, स्टाफ एवं प्रशासन, एमआईएस परिभाषित किए गए। बैंक को संस्थाओं की स्थापना हेतु 43 केंद्र आबंटित किए गए। बैंक ने ऐसी 43 संस्थाएं झारखंड, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा पश्चिम बंगाल में स्थापित की है। इन केंद्रों में 25,308 क्रेडिट इंपुट के साथ इस तारीख तक 57,676 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। बैंक ने

रांची (झारखंड), बाराबांकी (उत्तर प्रदेश), भोपाल (मध्य प्रदेश), पेन (महाराष्ट्र) तथा बेलगांव (कर्नाटका) में प्राथमिक स्वास्थ्य पर ध्यान, वयस्क साक्षरता, विस्तृत वित्तीय पहुंच तथा वृद्धि की योजना, सिविल सोयायटी संस्थाओं को सुदृढ़ करना, पर्यावरणीय स्थिरता इत्यादि में एसएसपीएस (आरसेटी) के कार्यक्षेत्र में विस्तार हेतु पांच एकीकृत एसएसपीएस (आरसेटी) का विस्तार/स्थापित करने की योजना बनाई है। बैंक इन क्षेत्रों में व्यापक चुनौतियों का सामना करने हेतु पब्लिक, निजी एवं सामाजिक क्षेत्र के विविध संसाधनों को साथ लाने के लक्ष्य से रणनीतिक साझीदारी करना चाहता है और इसे बढ़ाना चाहता है।

वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्शी केंद्र (अभय)

बैंक ने दैनिक आधार पर व्यक्ति वित्त से संबंधित मामलों पर वित्तीय मध्यवर्ती संस्थाओं के साथ वित्तीय व्यवहार की जटिलताओं के मूल्यांकन हेतु आम आदमी को वित्तीय साक्षरता देने की आवश्यकता को समझा है। आगे, जो ऋण के अप्रबंधन के कारण वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहे हैं उन्हें भी दिवालियापन एवं चुकौती दायित्व से बाहर निकलने हेतु ऋण परामर्श की आवश्यकता है ताकि उनकी वित्तीय प्रबंधन में सुधार हो सके। इस परिप्रेक्ष्य में बैंक ने 5 (पांच) ऋण परामर्शी केंद्र अभय नाम से मुंबई, वर्धा, गुमला, कोलकाता और चेन्नै में खोले हैं जिनका कार्य वरिष्ठ एवं अनुभवी बैंकरों द्वारा देखा जा रहा है।

अभय की संकल्पना को विस्तार देते हुए बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक और नाबार्ड के मार्गदर्शन के अनुसार 54 वित्तीय साक्षरता केन्द्र खोले हैं।

व्यवस्थित उधारकर्ताओं के लिए अलग-अलग मामलों हेतु उपचारात्मक परामर्श के अलावा, मिडिया, कार्यशाला एवं सेमिनार के माध्यम से निवारण परामर्श भी दिया जा रहा है। अब तक परामर्श के 206357 मामले लिए गए जिनका निवारण तत्काल करके व्यथित उधारकर्ताओं के चेहरों पर मुस्कान लाई गई।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)

बैंक ने 4 (चार) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) झारखंड ग्रामीण बैंक (झारखंड), आर्यवर्त क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (उत्तर प्रदेश), नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक (मध्य प्रदेश) तथा विदर्भ कोंकण ग्रामीण बैंक (महाराष्ट्र) में प्रायोजित किए हैं। सभी आरआरबी लाभ अर्जित कर रहे हैं। समस्त शाखाएं और प्रशासनिक कार्यालय कारोबार के साथ सीबीएस के अधीन लाई गई है। यह बैंक आरटीजीएस एनईएफटी और एटीएम सेवाएं देने में समर्थ हैं। समस्त आरआरबी का शाखा विस्तार 1524 है जिन्होंने ₹ 30,891.30 करोड़ का मिश्रित कारोबार किया है।

कुछ महत्वपूर्ण पहलें

- ★ राष्ट्रीय कौशल्य विकास निगम (एनएसडीसी) परियोजना हेतु बीसी नेटवर्क का उपयोग
- ★ आधार कार्ड पंजीकरण - अंदाजित 350 लाख संपूर्ण

पुरस्कार

- ★ बैंकॉन पुरस्कार 2013
- ★ एफआई तकनीकी के लिए रनर अप के रूप में आईबीए पुरस्कार
- ★ एफआई में तकनीकी पहलों के लिए फिप्स 2013 पुरस्कार
- ★ इंदौर महानगरपालिका की परियोजना सक्षम के संयुक्त राष्ट्र एवं अपने कॉर्पोरेट बीसी के साथ संयुक्त अनुपालन हेतु आइटीयू पुरस्कार

खुदरा ऋण

वर्ष 2013 -14 के दौरान बैंक ने मज़बूत रिटेल ऋण संविभाग बनाने की नीति का अनुशीलन किया। वित्तीय वर्ष 2013-14 के मंदी पश्चात अवधि में अर्थव्यवस्था के पुनरुत्थान में रिटेल क्रेडिट के अवसर प्रदान किए। बैंक का रिटेल क्रेडिट पोर्टफोलियो यथा 31 मार्च, 2014 को ₹ 22350 करोड़ से बढ़कर ₹ 29,600 करोड़ हो गया। वर्ष के दौरान रिटेल क्रेडिट की रुपरेखा का फिर से परिनिश्चय किया गया। बैंक ने रिटेल होम लोन/सम्पत्ति के निमित्त ऋण की प्रोसेसिंग और गठबंधन व्यवस्था के मामले में वाहन ऋणों एवं शैक्षणिक ऋण प्रस्तावों की प्रोसेसिंग को भी तीव्र करने के लिए देश के बड़े शहरों में 23 आरबीसी स्थापित किए हैं। होम लोन खंड में 27 % की वृद्धि दर्ज की गयी जिसके फलस्वरूप ये ऋण (मार्च 2013) के ₹ 10,267 करोड़ से बढ़कर (मार्च 2014) में ₹ 13081 करोड़ हो गए। बैंक ने बिल्डरों के साथ गठबंध करने के लिए मूलभूत दिशानिर्देश तैयार किए है ताकि यह सुनिश्चित हो कि गठबंधन व्यवस्थाएं केवल अच्छा ट्रैक रिकार्ड रखने वाले बिल्डरों के साथ ही हो। आंचलिक प्रबंधकों को ये अधिकार दिए गए हैं कि वे स्थानीय स्तर पर प्रतिष्ठित बिल्डरों के साथ गठबंधन करें। शैक्षणिक ऋणों में भी 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी और इस वर्ष के दौरान ₹ 2412 करोड़ से बढ़कर ₹ 2,652 करोड़ हो गए। बैंक ने ब्याज सब्सिडी स्कीम को भी अंगीकार किया है जिसमें वे उधारकर्ता जिन्होंने वर्ष 2013 -14 के शैक्षणिक वर्ष के दौरान शैक्षणिक ऋण लिया है और आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग से है, नोडल बैंक के जरिए भारत सरकार, मानव संसाधन मंत्रालय से शिक्षा ऋण ब्याज सब्सिडी के लिए पात्र हैं।

बैंक स्टार शिक्षा ऋण योजना के तहत उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए ऋण प्रदान करने को उच्च प्राथमिकता देता रहा है। इस प्रयोजन के लिए आंचलिक कार्यालय को मार्केटिंग टीमें स्थानीय संस्थानों के साथ लगातार गठबंध व्यवस्था कर रही है ताकि विद्यार्थियों की जरूरतों को शाखाओं द्वारा त्वरित रूप से पूरा किया जा सके। बैंक ने शिक्षा ऋण के तहत बीओआई स्टार विद्या ऋण को पुन: परिभाषित किया है ताकि आईआईटी/आईआईएम/एनआईडी इत्यादि जैसे देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थिओं की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

वाहन ऋण में भी 15% की वृद्धि दर्ज की गयी जिससे वे इस वर्ष के दौरान ₹ 2,037 करोड़ से बढ़कर ₹ 2,351 करोड़ हो गए। विभिन्न प्रतिष्ठित ऑटो विनिर्माताओं जैसे मारूति सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुण्डई मोटर्स, महिंद्रा एण्ड महिंद्रा तथा आईसीएमएल के साथ गठबंध व्यवस्था की कार्यनीति ऑटोफिन पोर्टफोलियों को बढ़ाने के लिए अच्छी खासी लीड्स मुहैया करा रही हैं। प्रमुख रिटेल ऋण योजनाओं में वृद्धि निम्नानुसार रही:-

(₹ करोड़ में)

योजना	31.03.2013	31.03.2014	ग्रोथ एवं ग्रोथ %
स्टार गृह ऋण योजना	10267	13081	2814 / 27%
स्टार शिक्षा ऋण योजना	2412	2652	240 / 10%
स्टार वाहन ऋण योजना	2037	2351	314 / 15%
स्टार पर्सनल ऋण योजना	779	927	148 / 19%
स्टार बंधक ऋण योजना	2007	2971	964 / 48%

एसएमई

वर्ष 2013-14 के दौरान एमएसएमई खण्ड के अंतर्गत बैंक का कार्यनिष्पादन अपेक्षानुरूप था। इस दौरान बाज़ार में ऋण हेतु सामान्यत: मांग कम थी फिर भी हमने वर्ष दर-वर्ष 21% से अधिक वृद्धि दर्ज की है। विगत वर्षों में लिए गए कुछ निर्णयों जैसे एसएमई कारोबार हेतु नए वर्टिकल का सृजन, प्रतिबद्ध सेल्स फोर्स युक्त विशेषीकृत प्रसंस्करण कक्षों की स्थापना आदि की वज़ह से अच्छे परिणाम आने लगे हैं और इस क्षेत्र को ऋण प्रदान करने में इन निर्णयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

एमएसएमई के तहत बैंक का कार्य निष्पादन

- ★ **बिजनेस ग्रोथ:**-एमएसएमई आउटस्टैन्डिंग ₹ 45,081 करोड़ वर्ष -दर- वर्ष 21.04% की ग्रोथ दर्ज की।
- ★ **एमएसई के तहत कार्य निष्पादन :** एमएसएमई आउटस्टैन्डिंग ₹ 38,686 करोड़ वर्ष -दर- वर्ष 21.15%. की ग्रोथ दर्ज की।
- ★ **एमएसई विनिर्माण क्षेत्र** ₹ 16,031 करोड़ (मार्च 2013) से बढ़कर ₹ 20,095 करोड़ (मार्च 2014) हो गया है, इसमें वर्ष-दर-वर्ष 25.35% की वृद्धि हुई।
- ★ **एमएसई में माइक्रो सेक्टर का शेयर** मार्च 2013 की यथा स्थिति 49.54% से थोडा घटकर यथा मार्च, 2014 को 47.69% हो गया।
- ★ **माइक्रो खातों की संख्या में वृद्धि :** वर्ष 2013-14 के दौरान माइक्रो सेगमेंट के अंतर्गत 93,903 खाते मंजूर किए गए जिसके फलस्वरूप अनिवार्य 10% वृद्धि के लक्ष्य के निमित्त यथा 31.03.2013 को खातों की संख्या में 18.60% की वृद्धि दर्ज की गई।
- ★ **सीजीटीएमएसई के तहत बैंक का कार्य निष्पादन** वर्ष 2013-14 के दौरान सीजीटीएमएसई योजना के अंतर्गत 33,930 खाते जोडे गए जिसके तहत कुल ₹2,351.17 करोड़ का एक्पोज़र कवर किया गया। योजना के अंतर्गत कवरेज की दृष्टि से पीएसयू बैंकों में हमारा प्रथम स्थान बरकरार है। यथा मार्च 2014 हमने योजना के अंतर्गत कुल ₹9,614.22 करोड़ के एक्स्पोज़र की कवरेज सहित हमारा कुल कवरेज 1.51 लाख खाते हैं।

★ **पीएमईजीपी के तहत बैंक का कार्य निष्पादन** वर्ष 2013-14 के दौरान पीएमईजीपी के अंतर्गत कुल ₹157.65 करोड़ की सीमा सहित 503 खाते मंजूर किए गए हैं।

वर्ष 2012-13 के लिए पीएमईजीपी के अनुपालन में श्रेष्ठता हेतु बैंक को राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार एमएसएमई मंत्रालय के तहत खादी एवं ग्राम आयोग द्वारा दिया गया।

एमएसएमई के तहत ग्रोथ की रफ्तार बढ़ाने के लिए कार्यनीतियां:-

★ वित्तीय वर्ष 2013-14 के प्रारंभ में टॉप 100 एसएमई उधारकर्ताओं को पुरस्कृत किए जाने के पश्चात हमारे बैंक ने वर्ष के दौरान देश भर में 23 शहरों में आयोजित सभी कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता की। ये कार्यक्रम इंडिया एसएमई फोरम द्वारा आयोजित किए गए थे जो कि एक एनजीओ है जिसके साथ हमने बैंक के ब्रांड प्रमोशन हेतु टाइ-अप व्यवस्था की थी।

★ इस योजना को पात्र सीमा तक अनिवार्य नियम के अंतर्गत लाकर सीजीटीएमएसई योजना के अंतर्गत उधार को बढ़ावा दिया है। योजना के संबंध में उधारकर्ताओं में जागरूकता पैदा करने हेतु इसका विस्तृत प्रचार-प्रसार किया गया।

★ एसआरटीओ और उपकरण वित्त के माध्यम से एमएसई क्षेत्र को ऋण प्रवाह सुनिश्चित करने हेतु वर्ष के दौरान 5 नए ओईएम के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यथा 31 मार्च 2014 ऐसे ओईएम की संख्या 14 थी।

★ इस क्षेत्र और अधिक वृद्धि हासिल करने के लिए माइक्रो क्षेत्र में ₹ 10 लाख से अधिक और ₹ 100 लाख तक की सीमाओं हेतु सभी मामलों के लिए ब्याज दर में 1% की कटौती की गई है।

★ अर्हता प्राप्त डॉक्टरों से कारोबार हासिल करने हेतु आकर्षक खूबियों सहित नया उत्पाद बीओआई डॉक्टर प्लस शुरु किया गया है। उनकी कारोबारी आवश्यकताओं के लिए कोई उच्चतम सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

★ 21 एसएमई सिटि सेन्टरों ने मिलकर यथा 31 मार्च 2014 को कुल ₹ 9,733.89 करोड मंजुर किया है। इसमें से ₹ 7,225.61 करोड इन वर्ष के दौरान वितरित किए गए और परिणाम स्वरूप उन्होंने केन्द्रों के खोले जाने के प्रमुख उद्देश्य को पूरा किया।

★ विभिन्न एनबीएफसी की प्रतिभूतीकृत आस्तियों के प्रत्यक्ष असाइन्मेंट मार्केट मे प्रवेश किया और इस व्यवस्था के अंतर्गत लगाया ₹ 500 करोड का कारोबार संग्रहित किया।

बैंक का पुनर्गठन

पुनर्गठन के हिस्से के रूप में, दो पृथक बिजनेस ग्रुप यानी नेशनल बैंकिंग ग्रुप और होलसेल एंड इन्टेरनेशनल बैंकिंग ग्रुप सम्बन्धित कारोबारों पर संकेन्द्रीकृत ध्यान देने के लिए बनाए गए हैं। प्रत्येक समूह अपने दायरे में आने वाली विभिन्न कारोबारी इकाइयों के कार्य निष्पादन के लिए जिम्मेदार है। संरचनाओं की कार्यशैली, प्रक्रियाओं और बिजनेस फोकस से हुए अनुभव के आधार पर इसे वित्तीय वर्ष 2013-14 में और परिष्कृत किया गया है। इस बारे में किए गए कुछ बदलाव निम्नानुसार है:

★ विशेषीकृत प्रोसेसिंग सेन्टर्स यानी एसएमईसीज् और आरबीसीज् से सहायक महाप्रबंधक द्वारा हैडेड एनबीजी शाखाओं को अलग करके प्रतिक्रिया समय को और कम करने की कोशिश की गयी है।

★ बैंक ने मिड कॉर्पोरेट बिजनेस पर फोकस को बढ़ाने का निर्णय लिया है इसके लिए सहायक महाप्रबंधक एवं मुख्य प्रबंधक द्वारा हेडेड शाखाओं को लार्ज कॉर्पोरेट एवं मिड कॉर्पोरेट बिजनेस करने की अनुमति दी गयी है। इस अभियान के पीछे हमारा मकसद यह है कि ऐसी बहुत सारी शाखाएं भी ऐसा कारोबार कर सकें जो अब तक मिड कॉर्पोरेट/लार्ज कॉर्पोरेट शाखाओं के लिए ही सीमित था।

★ आरबीसी और एसएमईसीसी का विलयन करके कुछ मल्टिपल सीपीसी स्थापित किए गए। अब वे एसएमई और रिटेल दोनों कारोबार कर सकते हैं। कुछ जगहों पर ग्रामीण सीपीसी को भी मर्ज किया गया है ताकि वे रिटेल, एसएमई और ग्रामीण कारोबार कर सकें।

★ छत्तीसगढ़ और झारखण्ड राज्यों को कवर करते हुए एक नया एनबीजी बनाया गया है।

★ बैंकों में आंतरिक शिकायत निवारण प्रणाली पर दामोदरन समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन हेतु हमारे बैंक ने मुख्य ग्राहक सेवा अधिकारी नियुक्ति किया है। वे, ग्राहकों के शिकायतों के त्वरित निवारण और बैंक की आंतरिक शिकायत निवारण प्रणाली में ग्राहकों के विश्वास को सुदृढ़ करने हेतु ज़िम्मेदार होंगे।

'भावी समय की शाखा' परियोजना

ग्राहकोन्मुख पहल जारी रखते हुए, कुछ और शाखाओं को भविष्य की शाखा में परिवर्तित किया गया जिसके परिणामस्वरुप वित्तीय वर्ष 2014 के अंत तक ऐसी शाखाओं की कुल संख्या 131 हो गई। इन मे अत्याधुनिक शाखाओं में विशाल ग्राहक-क्षेत्र होता है और सेल्फ सर्विस के ग्राहकानुकूल उपकरण होते हैं। भविष्य की शाखा के कुछ प्रमुख विशेष तत्व निम्नानुसार हैं :

★ इन शाखाओं की आंतरिक साजसज्जा को इस प्रकार सौंदर्यपूर्ण बनाया गया है जिससे कि ग्राहकों के लिए अच्छी खासी जगह मिल जाय और पर्याप्त बैठने की व्यवस्था हो जाए।

★ डिस्टिंक्ट फ्रंट ऑफिस और इन ब्रांच बैंक ऑफिस संव्यवहारों के प्रतिक्रिया समय को कम करने के लिए सृजित किए गए हैं।

★ स्वयं परिचालित पासबुक प्रिंटिंग किऑस्क के जरिए ग्राहकों को यह कार्य करने के लिए समर्थ बनाया गया है।

★ क्यू मैनेजमेंट सिस्टम और अधिक व्यवस्थित ढंग में गतिविधियां करने वाले फ्रंट लाइन ग्राहकों को मैनेज़ करने के लिए इस्तेमाल की जा रही है।

★ ग्रेटर सेल्स पुश और ग्राहक संतुष्ट हासिल करने के लिए शाखा की टीम के सदस्यों हेतु नई भूमिकाएं और उत्तरदायित्व परिनिश्चित किए गए हैं।

★ इन शाखाओं में कार्य कर रहे स्टाफ को बेहतर ग्राहक प्रबंधन और क्रॉस सेलिंग हेतु प्रशिक्षण दिया गया है।

इन शाखाओं के ग्राहक इस बदलाव और नई व्यवस्थाओं से बेहद प्रसन्न हैं। शाखा परिचालनों की समग्र दक्षता इस पहल के फलस्वरूप उन्नत हुई है और इन शाखाओं में ग्राहक अर्जन और कारोबारी लीड में काफी बढ़ोतरी हो रही है।

ई-गैलरी परिकल्पना

विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के लिए ग्राहकों द्वारा स्वचालित किऑस्क की बढ़ती स्वीकार्यता को देखते हुए, एटीएम, पास-बुक प्रिंटर और नकद स्वीकार करनेवाली मशीनों/बल्क नोट एक्सेप्टर्स जैसे स्वचालित किऑस्क से लैस ई-गैलरी 24x7 आधार पर स्थापित किए गए हैं। शाखाओं में प्रत्यक्ष रुप से जितने ग्राहक कम आएंगे, शाखाओं में ग्राहक सेवा उतनी ही बेहतर होगी। चेक एक्सेप्टेन्स किऑस्क, इंटरनेट किऑस्क और ग्राहक फीडबैक किऑस्क जैसे अन्य स्वचालित किऑस्क भी 24x7 आधार पर स्थापित किए जाने की योजना है। वर्तमान में 50 से अधिक ई-गैलरी लोकेशन का चयन किया गया है जिसमें से 19 कार्य कर रहे हैं।

ग्राहक सेवा प्रबंधन समाधान या पुनर्निर्माण

ग्राहक-शिकायत-निवारण में दक्षता लाने के उद्देश्य से बैंक ने अपने कॉर्पोरेट वेबसाइट ओर आंतरिक नेटवर्क में अपना वर्तमान ग्राहक सेवा प्रबंधन समाधान का पुनर्निर्माण किया है। इस पुनर्निर्मित समाधान में बेहतर खूबियां है। जैसे वेबसाइट में शिकायत निवारण पोर्टल में दर्ज शिकायतों की ऑटोमैटिक रिकॉर्डिंग, ई-मेल द्वारा प्राप्त शिकायतों का ऑटोमैटिक ट्रांस्फर, दक्षतापूर्ण स्टेटस ट्रेकिंग, बेहतर मूल कारण विश्लेषण हेतु शिकायत-वर्गों का विस्तार और त्वरित निवारण हेतु तुरंत संबंधित विभाग को शिकायत का अग्रेषण।

वैकल्पिक प्रस्तुति माध्यम

बैंक ग्राहकों की पसंद के लिए विभिन्न प्रकार के क्रेडिट कार्डों की पेशकश कर रहा है। बैंक से संबद्ध दो बैंक यथा बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक लि. भी है जो ब्रांडनाम इंडिया कार्ड के अधीन क्रेडिट कार्ड जारी कर रहे हैं। वर्ष के दौरान कार्ड जारी करने के कुल कारोबार में 8.98% वृद्धि दर्ज की गई जो ₹ 426.44 करोड़ रही एवं टर्नओवर अधिग्रहण में 8.40% की वृद्धि हुई जो ₹ 350.16 करोड़ रही।

डेबिट कार्ड पर टर्नओवर अर्जित करते हुए 44.56% की वृद्धि दर्ज की गई और वह ₹1644.43 करोड़ हो गयी।

बैंक के पास विभिन्न प्रकार के डेबिट-सह-एटीएम कार्ड है। 01.04.2013 से 31.03.2014 तक कुल जारी डेबिट कार्ड 33.21 लाख रहे जिसमें 3.66 लाख स्टारलिंक इंटरनेशनल एटीएम-सह-डेबिट कार्ड (वीज़ा इलैक्ट्रॉन) 24.80 लाख बीओआई ग्लोकबल डेबिट-सह-एटीएम कार्ड (मास्टर कार्ड) 0.01 लाख प्लेनटियम डेबिट कार्ड (मास्टर) 0.72 लाख बिंगो कार्ड और रु पे कार्ड तथा 1.80 लाख बिंगो कार्ड सम्मिलित है। वर्ष 2011-12 के दौरान डेबिट कार्डों ने 24.41% वृद्धि दर्ज की। यथा 31.03.2014 कुल डेबिट कार्ड 169.23 लाख है। वर्ष 2013-14 के दौरान हमने 9,723 गिफ्ट कार्ड (वीज़ा इलेक्ट्रॉन) जारी किए हैं।

एसएमएस अलर्ट्स स्टार संदेश

धोखाधड़ी के रोकथाम के रूप में, एसएमएस अलर्टस जनरेट किए जाते हैं और उन सभी ग्राहकों को मुहैया कराए जाते हैं जिन्होंने निम्न के लिए बैंक के पास अपने मोबाइल नंबर पंजीकृत करवाए हैं।

- डिलिवरी चैनलों (इंटरनैट बैंकिंग/एटीएम/पीओएस) से सभी नामे संव्यवहार
- ग्राहक द्वारा किए गए सभी ₹10,000/- और अधिक के नामे और जमा संव्यवहार
- ₹10,000/- और अधिक की सभी नामे ईसीएस संव्यवहार
- सभी नामे आरटीजीएस संव्यवहार
- चेक बुक जारी करने के अनुरोध को स्वीकार करने पर अभिस्वीकृति
- स्टार ऑटोफिन और हाउसिंग खातों में देय किस्त के लिए अलर्ट

इंटरनेट बैंकिंग:

युटिलिटी बिल के भुगतानों, एयर एवं रेल टिकिट बुकिंग, ऑन लाइन शॉपिंग, इंटर बैंक और इन्ट्रा बैंक फंड ट्रासफर इत्यादि के लिए ग्राहकों को एक तीव्र और सुरक्षित इन्टरनेट बैंकिंग सुविधा उपलब्ध है।

भारत में पीएसयू बैंक में बैंक ऑफ़ इंडिया पहला ऐसा बैंक है जिसने अतिरिक्त सुरक्षा संबंधी उपाय के रूप में रिटेल और कार्पोरेट इन्टरनेट बैंकिंग दोनों के लिए ही टू-फैक्टर ऑथेन्टिकेशन (2एफए) स्टार टोकन क्रियान्वित किया। बैंक के ग्राहक सुरक्षित किसी समय, कहीं से भी और हर प्रकार से झंझट मुक्त बैंकिंग का अपने घर और कार्यालय से अपनी सुविधानुसार माउस पर क्लिक करके लाभ उठा रहे हैं।

उपलब्ध कुछ फीचर्स इस प्रकार हैं:

- आरटीजीएस/एनईएफटी सुविधा का इस्तेमाल करके, हमारी स्टार कनेक्ट इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं के जरिए बैंकों में ऑन लाइन इंटर बैंक फंड ट्रान्सफर
- ऑटो पे हेतु बीओआई स्टार ई-पे अथवा विभिन्न युटिलिटी सर्विसेज/बिलों का ऑनलाइन भुगतान
- प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष केन्द्रीय उत्पाद और सेवा करों का ई-पेमेंट
- शेयर में ट्रेड करने के लिए स्टार ई-शेयर ट्रेड
- ई-फ्रेट पेमेंट
- विदेशी व्यापार का महानिदेशालय (डीजीएफटी) लाइसेंस फीस ऑन लाइन ई पेमेंट
- रेलवे और एयरलाइन्स टिकट की ऑनलाइन बुकिंग
- शिक्षा ऋण के लिए ऑन लाइन आवेदनपत्र
- इंटरनेट बैंकिंग से आईपीओज् के लिए एप्लीकेशन सर्पोटेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट (एएसबीए) को देखने और आवेदन करने के लिए उपलब्ध ऑनलाइन सुविधा
- इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों को ऑनलाइन फिक्स्ड डिपॉजिट करने में समर्थ बनाना
- इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड इस्तेमाल करके डेबिट-सह-एटीएम कार्ड पिन की हॉट लिस्टिंग/रिसेट/अनब्लॉक/चेंज
- वार्षिक टैक्स विवरण पत्र (फॉर्म 26 एएस)
- हमारा डेबिट-सह-एटीएम कार्ड रखने वाले ग्राहकों कोई लाइन पेमेंट की सुविधा प्रदान की गयी। इसे इससे ग्राहक क्रेडिट कार्ड और इन्टरनेट बैंकिंग खाते के अलावा अपने डेबिट-सह-एटीएम कार्डों का इस्तेमाल कर सकेंगे।
- ऑन लाइन टर्म डिपॉजिट रसीद निकालते समय व मौजूदा टर्म डिपॉजिट रसीदों के लिए ऑनलाइन नामांकन सुविधा

स्वचालित टेलर मशीन (एटीएम)

बैंक ने नेशनल फाइनेन्शियल स्विच (एनएफएस) जॉइन किया है जिससे देश भर में 85,000+ से भी अधिक एटीएम एक्सेस कर सकते हैं। इसके अलावा, बैंक कैश ट्री, बीएएनसीएस एवं एसबीआई ग्रुप नेटवर्क का भी हिस्सा है। 31 मार्च, 2014 तक की स्थिति के अनुसार हमारे 4225 एटीएम थे जिसमें से 1992 एमओएफ के तहत थे और शेष 2293 फेज VI के अधीन थे।

आईटी समर्थित सेवाएं:

संकल्प 10,000 के तहत बैंक की महत्वाकांक्षी ग्रोथ प्लान की प्रक्रिया में बैंक ने आईटी समर्थित गहन संभाव्यता वाले उत्पादों को तैयार और प्रचारित किया हैं ताकि हम न केवल पुराने ग्राहकों को बनाए रखें बल्कि नए ग्राहक भी अर्जित करें, विशेषकर टेक सैवी युवा पीढी के ग्राहक अर्ज हेतु प्रधान कार्यालय में एक अलग आईटी समर्थित सेवाएं विभाग बनाया गया है जिसका कार्य क्षेत्र निम्नानुसार है :

- इंटरनेट बैंकिंग : रिटेल बैंकिंग ग्राहक एवं कार्पोरेट ग्राहक
- मोबाइल बैंकिंग
- एटीएम
- कार्ड उत्पाद: डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, बिंगो कार्ड गिफ्ट कार्ड
- बीओआई स्टार रिवार्ड प्रोग्राम
- ई-कॉमर्स सुविधा
- ई-पे सुविधा
- डीमैट
- इन्स्टन्ट मनी ट्रांस्फर (आईएमटी)

इन्स्टन्ट मनी ट्रांस्फर:

बैंक के ग्राहक उन लाभार्थियों को निधि प्रेषित कर सकते हैं जिनके पास बैंक खाता नहीं है और डेबिट कार्ड भी नहीं है-

- कैश आउट सुविधा सहित नवोन्मेषी, सुरक्षित, सरल और झंझट रहित स्वदेशी मनी ट्रांस्फर सुविधा
- 24x7x365, सुविधा जिसका लाभ आरंभकर्ता और लाभार्थी/प्राप्तकर्ता दोनों उठा सकते हैं।
- एटीएम या रिटेल इंटरनेट बैंकिंग का प्रयोग करते हुए रकम भेजी जा सकती है।
- किसी ऐसे लाभार्थी/प्राप्तकर्ता को रकम भेजी जा सकती है जो बीओआई या किसी भी बैंक का ग्राहक न हो।
- लाभार्थी/प्राप्तकर्ता कार्ड का प्रयोग किए बिना किसी भी बीओआई आईएमटी समर्थित एटीएम से रकम आहरित कर सकता है। (बैंक की वेबसाइट पर आईएमटी समर्थित एटीएम की सूची प्रदर्शित की गई है।)
- सेल्फ सर्विस-बैंक के ग्राहक रिटेल इंटरनेट बैंकिंग या एटीएम का प्रयोग करते हुए स्वयं संव्यवहार की पहल कर सकते हैं।
- जब लाभार्थी/प्राप्ताकर्ता को तत्काल या आपातकालीन स्थिति में नकद की आवश्यकता हो तो यह सुविधा उपयोगी होगी।
- जब लाभार्थी/प्राप्ताकर्ता का कोई बैंक खाता न हो या खाता नंबर मालूम न हो तो यह सुविधा उपयोगी होती है।

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

प्रारंभ में ही हम यह कहना चाहेंगे कि सूचना प्रौद्योगिकी मात्र एक सहयोग का कार्य नहीं है, बैंक में उसकी अहम भूमिका है। यह पूरे बैंक के कार्यों की जीवनरेखा है। हाल में कार्यान्वित पहलों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

ग्राहक केन्द्रिय पहल :-

- **ई-गैलरी :** 19 स्थानों पर इसकी स्थापना की जा चुकी है। 50 स्थानों पर ई-गैलरी शुरु करने की योजना है और इसकी संख्या बढ़ाकर 100 स्थानों पर इसे शुरु किया जाएगा।
- **पास-बुक प्रिंटिंग किऑस्क :** पूरे भारत में 900 स्थलों पर लगाया गया है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 3000 स्थलों पर पासबुक प्रिंटिंग किऑस्क स्थापित करने की हमारी योजना है।

- **कैश एक्सेप्टर किऑस्क :** पूरे भारत में 246 स्थलों पर इसकी स्थापना की जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान पूरे भारत में विभिन्न स्थलों पर 1246 कैश एक्सेप्टर किऑस्क लगाने की योजना है।
- **एटीएम की कुल संख्या :** चालू वित्तीय वर्ष के दौरान एटीएम की कुल संख्या को बढाकर 8000 करने की योजना है। बैंक में एटीएम की संख्या 4375 से अधिक हो गई है।
- **आईएमटी :** इन्स्टेंट मनी ट्रान्स्फर (आईएमटी) सुविधा शुरु की गई। इस सुविधा के शुरु किए जाने से लाभार्थी बिना किसी बैंक खाते या एटीएम कार्ड के रकम आहरित कर सकता है।
- **सीआरएम परियोजना :** इससे पर्सनलाइज्ड सेवाएं बेहतर होंगी, सेवा-अनुरोध हेतु टर्नाराउंड टाइम कम होगा, नए उत्पादों की पेशकश सुविधा और व्यावसायिक सलाह, और यह डाटा-इन्टरफेस आधारित आपसी चर्चा उपलब्ध कराएगी और अत: इससे वस्तुपरक मूल्य मिलेगा।
- **नकदी प्रबंधन एवं चैनल फाइनान्सिंग :** प्रभावी नकदी प्रबंधन और चैनल फाइनन्सिंग हेतु वेब आधारित इन्टरफेस उपलब्ध कराता है।
- **ट्रेड फाइनान्स :** ग्राहकों को ट्रेड फैनान्स एप्लिकेशन हेतु वेब आधारित इन्टरफेस उपलब्ध कराना जिसे स्वदेशी एवं विदेशी परिचालनों हेतु कोर फिनैकल के साथ एकीकृत किया जाएगा।
- **पेमेन्ट गेटवे सल्यूशन :** सभी प्रकार के कारोबार के लिए ऑनलाइन भुगतान महत्वपूर्ण हो रहे हैं। पेन्मेंट गेटवे के कार्यान्वयन से बैंक अन्य बैंकों एवं थर्ड पार्टियों को पेमेन्ट सेवाएं बेचकर राजस्व अर्ज कर सकता है।
- **मोबाइल बैंकिंग :** हम - स्टार टोकन एनजी - नाम से नया मोबाइल एप्लिकेशन शुरु कर रहे हैं। इस नए मोबाइल एप्लिकेशन से मोबाइल, टैब, आई पैड के माध्यम से इन्टरनेट बैंकिंग एक्सेस करने में सुविधा होगी और मल्टीफैक्टर ऑथेन्टिकेशन के ज़रिए सुरक्षित वेब ऐप एक्सेस उपलब्ध होगी। इसे बिना किसी अतिरिक्त औपचारिकता के वर्तमान स्टार टोकन यूज़रों को उपलब्ध कराया जा सकता है।
- **सोशियल मीडिया का अंगीकार :** अनुभव, अनुपालन जैसे अनुबोधक कारकों को ध्यान में रखते हुए।
- **पीपीएफ खाते में राशि जमा करना:** पीपीएफ के लिए स्थायी अनुदेश सृजन की सुविधा सहित इंटरनेट बैंकिंग में पीपीएफ खाते में ऑनलाइन जमा की सुविधा अब ग्राहक किसी भी शाखा से अपने पीपीएफ खाते में रकम जमा कर सकते हैं।
- **खाता नंबर पोर्टबिलिटि :** बैंकों में ग्राहक सेवा पर दामोदरन समिति की सिफारिशों के अनुरुप, हमने एक शाखा से दूसरी शाखा में अंतरण हेतु खाता नंबर पोर्टबिलिटि शुरु की है।

परिचालनगत दक्षता हेतु प्रौद्योगिकी अभिवृद्धि एवं अन्य सेवाएं

- फिनैकल में आउटवर्ड और इनवर्ड एनईएफटी हेतु स्ट्रेट थ्रू प्रॉसेसिंग (एसटीपी) शुरु की गई है। इससे एनईएफटी संदेशों की त्वरित प्रॉसेसिंग में सुविधा हुई है।
- हमने प्रॉसेस न की हुई इन्वर्ड एनईएफटी संदेशों की वापसी की प्रक्रिया को फिनैकल में ऑटोमैटिक बनाया है। जिससे वापसी की प्रक्रिया में तेज़ी आई है।
- किसी भी शाखा में नकद जमा के समक्ष वाक-इन ग्राहकों को एनईएफटी सुविधा अगर एनईएफटी राशि ₹ 50,000/- से कम है।
- वर्चुअलैज़ेशन के अंतर्गत हेतु योजना के अनुरुप सभी सर्वरों का माइग्रेशन हो चुका है। वर्चुअलैज़ेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर अब पूर्णत: स्थापित एवं सुदृढ किया गया है आवश्यकतानुरुप नए एप्लिकेशन/सर्वर जोडे जाते हैं।
- सिबिल के साथ इन्टेग्रेशन सहित क्रेडिट एप्लिकेशन प्रॉसेसिंग सिस्टम (सीएपीएस) का कार्यान्वयन
- हमने 2000 से अधिक शाखाओं को मल्टी प्रोटोकॉल लेबल स्विलिंग में माइग्रेट किया है। इसमें वृद्धित बैंडविथ शामिल है।
- सभी विदेशी केन्द्रों में स्थित शाखाओं का फिनेकल में सफलतापूर्वक माइग्रेशन हो चुका है। अब पूरे विश्व में हमारा एक समान सीबीएस सॉफ़्टवेयर है।
- 25 विदेशी शाखाओं के लिए इन्टरनेट बैंकिंग शुरु किया गया है।

डाटा सेन्टर

मूल साईट से गौण साईट के बीच भौतिक हार्डवेयर बुनियादी सुविधा की 1:1 अनुपात में बाहुल्यता के साथ 15 मिनट के रिकवरी टाइम ओबजेक्टीव (आरटीओ) सहित आईएसओ 27001:2005 मानक सहित प्रमाणित डाटा सेन्टर को बैंक ने सफलतापूर्वक स्थापित किया है। मूल साईट मुंबई में स्थित है तथा आपदा रिकवरी साईट (डीआर) बंगलूरु में स्थित है। शून्य आंकड़ा हानि हेतु मूल साईट भंडारण प्रतिकृति सहित नियर साईट (एनआर) स्थापित की गई है। यूपीएस के जरिए दो जेनरेटर सेट द्वारा 24 घंटे दोहरी पावर आपूर्ति सहित सभी कार्यलय, शाखाएं तथा डाटा केन्द्र वेन नेटवर्क से जुड़े हैं।

डाटा केन्द्र ने तीन चरणीय संरचना बनायी है अर्थात डेटाबेस, एप्लीकेशन तथा वेब जो आधुनिकतम परिचालन प्रणाली, आरडीबीएमएस सहित विभिन्न हाई-एण्ड सर्वर में विस्तृत है जिसके एप्लीकेशन बेहतर प्रबंधन तथा कार्यनिष्पादन हेतु है।

उपलब्धता/क्षमता आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए बैंक सुरक्षा तथा नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर की डिजाईन की गई है। डाटा सेन्टर में सर्वर तथा नेटवर्क फार्म्स के संवेदनशील क्षेत्रों हेतु बायोमेट्रिक पहचान सहित सशक्त भौतिक सुरक्षा नियंत्रण है। पॉवर कुलिंग, अग्निरोधक तथा डाटा केन्द्र बुनियादी सुविधा के अधिकतम प्रबंधन तथा अधिकतम बिल्डिंग प्रबंधन प्रणाली सहित 24x7x365 दिनों का समर्पित स्रोत है। 24x7x365 निगरानी हेतु संपूर्ण परिसर सर्वेलेन्स कैमरा द्वारा कवर किया गया है।

बैंक की पूर्णत: कार्यरत आपदा रिकवरी साइट है और तत्परता को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक तिमाही में आपदा प्रबंधन अभ्यास आयोजित और निष्पादित किया जाता है। मूल से डीआर साईट परिचालन पर जाने के लिए बैंक के पास 15 मिनट का आर टी ओ है। आपदा रिकवरी सेट-अॅप का उपयोग एमआईएस और रिपोर्ट जेनरेशन हेतु करने का विचार बैंक ऑफ़ इंडिया का एक अभिनव उपाय था। इसके फलस्वरूप डीसी एवं डीआर संसाधनों का इष्टतम सदुपयोग तो हुआ ही है, साथ में यह भी सुनिश्चित होता है कि इस प्रक्रिया में इन सभी संसाधनों का निरंतर परीक्षण हो जाता है।

बैंक का मुंबई में एक डाटा सेन्टर है जो हमारी सभी विदेशी शाखाओं को एक सेन्ट्रल हब के साथ जोडता है और जिससे बैंक की सभी विदेशी शाखाओं के लिए प्रॉसेसिंग की जाती है। यह 24/7 केंद्रीय हब है जो पूर्व में जापान से लेकर पश्चिम में यूएसए तक की 24 विदेशी शाखाओं के सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। समान हार्डवेयर तथा उचित सॉफ्टवेयर सहित आपदा प्रबंधन हॉट साइट स्थापित किया गया है जो डाटा केंद्र से डी आर साइट तक डाटा का ऑनलाइन रेप्लिकेशन करता है। एक आपदा प्रबंधन सेटअप सिंगापुर में है तथा दूसरा मुंबई में है। दोनों डीआर साइट में, रियल टाइम आधार पर संव्यवहारों का रेप्लिकेशन किया जाता है। उच्च उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए नियमित आधार पर डीआर ड्रिल्स कराए जाते हैं।

डाटा वेयरहाउस

बैंक की निर्णय सहायता/प्रबंधन सूचना प्रणाली में अभिवृद्धि करने और तीव्रता एवं प्रभावी रुप से कारोबारी आसूचना प्राप्त करने हेतु डाटा वेयर हाउस सभी पण धारकों को अपेक्षित एमआइएस उपलब्ध कर रहा है। बैंक का डाटा वेयरहाउस कोर बैंकिंग प्रणाली, ट्रेज़री और अन्य स्रोत प्रणालियों से दैनिक आधार पर संव्यवहार-डाटा भण्डारित कर रहा है। साथ ही बैंक ने डाटा की गुणवत्ता सुधारने हेतु पहल की है और इससे बैंक का एमआईएस और भी परिष्कृत और स्पष्ट हो गया है। बैंक, अधिकांश आरबीआई विवरणियां, भारत सरकार की रिपोर्टें, आंतरिक प्रयोजन हेतु एमआईएस रिपोर्टों का सृज़न, डाटा वेयर हाउस डाटाबेस के डाटा के आधार पर कर रहा है। कारोबार वृद्धि की निगरानी करने और जहां भी आवश्यक हो समय पर उपचारात्मक कार्रवाई करने हेतु उच्च प्रबंधन को प्रस्तुत डैशबोर्ड का प्रभावी प्रयोग किया जाता है। बैंक ने कारोबारी आसूचना के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भी कारोबार विश्लेषण उपकरणों का प्रयोग किया है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों के अनुसार हमारे सभी विनियामक विवरण अब ऑटोमेटिड डाटा फ़्लो (एडीएफ) कम्प्लायंट हैं।

परियोजना ग्रामशक्ति

बैंक ने अपने ग्रामीण ग्राहकों को कभी भी, कहीं भी, कैसे भी बैंकिंग सेवा प्रदान करने हेतु बैंक द्वारा प्रायोजित सभी आरआरबी (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक) में 100% सीबीएस कार्यान्वयन हासिल किया है। आरआरबी की सभी शाखाएं हमारे इन्फ्रास्ट्रक्चर का प्रयोग करते हुए आरटीजीएस/एनईएफटी समर्थित हैं। सरकार की अधिसूचना के अनुसार, अन्य बैंकों द्वारा प्रायोजित तीन आरआरबी का समामेलन हमारे आरआरबी के साथ किया गया है। हमने इन तीनों आरआरबी का डाटा सफलतापूर्वक मर्ज/माइग्रेट कर लिया है।

प्रमाण पत्र / पुरस्कार

- सीआईओ 100-2012 विजेता
- आईसीटी समर्थित समाधान के माध्यम से वित्तीय समावेशन परियोजना के लिए कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ़ इंडिया द्वारा बैंक को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।
- सीआईओ मास्टर्स 2013 वर्ग डाटा सेंटर को डाटा सेंटर क्षेत्र में अनुपम उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करते हुए प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है।
- सीआईओ 100 2013 हमारी परियोजना को विजेता घोषित किया गया ।
- स्कॉच अवॉर्ड हमारी परियोजना -2013 को भारत के श्रेष्ठतम में चयनित किया गया है।
- आईबीए बैंकिंग टेक्नॉलॉजी अवार्ड्स 2012-13 में बेस्ट फैनान्शियल इंक्लूशन इनिशिएटिव अमंग पब्लिक सेक्टर बैंक्स वर्ग में फर्स्ट रनर-अप पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
- एटीएम और एनएफएस एटीएम नेटवर्क से कनेक्टिड स्विच के संबंध में महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उत्तम कार्यनिष्पादन हेतु सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वर्ग में एनएफएस ऑपरेशनल एक्सेलेन्स अवार्ड 2013 में एनपीसीआई से फर्स्ट रनर-अप पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

थर्ड पार्टी उत्पाद

जीवन बीमा हेतु टाई-अप:

बैंक ने अपने जीवन बीमा उत्पादों की बिक्री हेतु बैंक के संयुक्त उद्यमी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के साथ अपनी कॉर्पोरेट एजेन्सी व्यवस्था को जारी रखा। बैंक के लगभग 3338 कर्मचारी ऐसे है जो विभिन्न केन्द्रों पर बीमा उत्पादों की बिक्री के लिए स्पेसिफाइड पर्सन के रूप में कार्य करते हैं।

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ने ₹421 करोड़ (पॉलिसियों की संख्या 78,000 से अधिक) की प्रीमियम कलेक्ट की और संयुक्त उद्यम कंपनी के कुल नए कारोबार में 53% से अधिक का योगदान दिया।

बैंक ग्रुप पॉलिसी के तहत अपने स्टार होम लोन और स्टार एज्यूकेशन लोन के उधारकर्ताओं को ऑप्शनल लाइफ इंश्योरेंस कवर की पेशकश कर रहा है जहां जीवन बीमा के लिए उधारकर्ता को कम प्रीमियम देना होगा।

नेशनल इंश्योरेंस कं. लि. (एनआईसीएल) के साथ जनरल इंश्योरेंस (नॉन लाइफ) हेतु टाई-अप:

आईआरडीए द्वारा जारी संशोधित दिशानिर्देशों के अनुपालन में एनआईसीएल के साथ वर्तमान तालमेल व्यवस्था को कॉर्पोरेट एजेंसी वितरण में परिवर्तित किया गया जिसमें बैंक जैसे वितरकों के साथ बैंक एश्योरेंस कारोबार कवर किया गया। बैंक ने बीओआई राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी स्वास्थ्य बीमा उत्पाद को सह-ब्रांड किया है जोकि एक फैमिली फ्लोटर मेडीक्लेम इंश्योरेंस पॉलिसी है जिसे बहुत ही कम प्रीमियम पर बैंक ऑफ़ इंडिया के खाताधारकों को उपलब्ध करवाया गया है। इससे खाता धारक, पत्नी और अधिकतम दो आश्रित बच्चों को कवरेज दी गई है। संपूर्ण परिवार (खाताधारक, उसकी पत्नी तथा दो आश्रित बच्चे) को बीमाकृत राशि की सीमा तक कवर किया गया है जिसमें बीमाकृत राशि पर परिवार के सदस्यों द्वारा अलग-अलग समय में लाभ लिया जा सकता है। यह एक प्रसिद्ध उत्पाद है और 31.03.2014 तक 1.55 लाख बैंक ऑफ़ इंडिया खाताधारकों ने यह पॉलिसी ली है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान एनआईसीएल हेतु बैंक द्वारा एकत्रित कुल प्रीमियम ₹183 करोड़ रहा जिससे ₹16.61 करोड़ की कमीशन अर्जित की गई।

म्युचुअल फंड उत्पाद:

बैंक ग्राहकों की सभी प्रकार की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। बैंक ने 10 आस्ति प्रबंधन कंपनियों यानी के बीओआई-एक्सा म्युचुअल फंड बिडला एवं लाइफ म्युचुअल फंड, डीएसपी ब्लैक रॉक म्युचुअल फंड, फ्रैंकलिंग टेंप्लटन निवेश, एचडीएफसी म्युचुअल फंड, आईडीएफसी म्युचुअल फंड, आईएनजी म्युचुअल फंड, कोटक म्युचुअल फंड, रिलायंस म्युचुअल फंड तथा यूटीआई म्युचुअल फंड के अधिकाधिक विविध म्युचुअल फंड उत्पादों की बिक्री कर रहा है।

आस्ति वसूली एवं एनपीए प्रबंधन

किसी भी बैंक की लाभप्रदता के लिए गैर निष्पादक आस्तियों (एनपीए) का स्तर बहुत ही महत्वपूर्ण है और परिणामस्वरूप एनपीए घटाने हेतु कोई बैंक जितना प्रयास करेगा दीर्घावधि में उसे उतना ही लाभ मिलेगा। वर्ष 2013-14 में भी एनपीए प्रबंधन के क्षेत्र के निष्पादन के सुधार की यात्रा जारी रही। एनपीए में कमी करना बैंक की सर्वोत्कृष्ट प्राथमिकता है तथा इस कार्य में धीरे-धीरे महत्ता बढ़ रही है। एनपीए की प्राप्ति और वसूली करने के लिए आवश्यक उपाय प्रारंभ किए गए। बट्टे खातों की वसूली तथा एनपीए खातों में अप्रभारित/वसूल न किए गए ब्याज में वसूली को अधिक करने हेतु प्रयास किए गए जिसने बैंक के लाभ में काफी बढ़ोतरी हुई। निम्नलिखित तालिका में विगत 3 वर्षों में एनपीए प्रबंधन दर्शाया गया है:-

(₹ करोड़ में)

मद	31.03.12 (वास्तविक)	31.03.13 (वास्तविक)	31.03.14 (वास्तविक)
कुल एनपीए (ओपनिंग)	**4,812**	**5,894**	**8,765**
घटाएं:			
नकदी-वसूली	1,205	1,245	3,066
उन्नयन	487	759	938
बट्टे खाते में डालना	2,415	2,415	1,767
कुल कमी	**4,107**	**4,419**	**5,771**
जोड़ें:			
स्लिपपेज	5,401	7,379	8,811
वसूल न किया ब्याज (यूआरआई) (वित्तीय वर्ष 2009-10 से प्रारंभ)	212	89	-63
कुल एनपीए (क्लोजिंग)	**5,894**	**8,765**	**11,869**
बट्टे खाते/यूसीआई/यूआरआई में वसूली	672	1,051	878
निवल एनपीए	**3,656**	**5,947**	**7,417**
कुल अग्रिमों पर सकल एनपीए का %	2.34	2.99	3.15
निवल अग्रिमों पर निवल एनपीए का %	1.47	2.06	2.00

वर्ष के दौरान बैंक ने ₹4243 ऑउटस्टैंडिंग के साथ परिसंपत्ति को बेच दिया (कार्पोरेट तथा खुदरा) और दोनों नकदी व एसआर आधार पर जिसमें परिसंपत्ति को ₹11.53 करोड़ में बेचा गया। नकदी व एसआर आधार और रिजर्व संपत्ति के घटक ₹146 करोड़/₹2471 करोड़ क्रमश: हैं।



ऋण निगरानी

वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में आस्ति गुणवत्ता से संबंधित चिंता की वजह से एक सुदृढ़ निगरानी तंत्र का होना अनिवार्य है दबाव/संभावित चूक/ऋण चुनौती में चूक के प्रारंभिक संकेत देने वाले खातों की पहचान हेतु, बैंक के ऋण निगरानी विभाग द्वारा विभिन्न उपाय एवं तरीके अपनाए जा रहे हैं।

- नियमित रूप से साप्ताहिक /पाक्षिक आधार पर निकाली गई रिपोर्टों में विपथन वाले खाते दर्शाए जाते हैं जिन पर ध्यान दिया जाना अपेक्षित होता है।
- छोटे ऋण खातों की निगरानी हेतु आंचलिक केन्द्रों में वसूली कक्ष स्थापित किए गए हैं। ₹10 लाख से कम के खातों में, आंचलिक कार्यालय से उधारकर्ता को, देय तारीख से 10 दिन पहले एक सिस्टम जनरेटिड अग्रिम सूचना भेजी जाती है, जिसमें किस्त की राशि और देय तारीख का उल्लेख होता है, अगर देय तारीख से 15 दिनों के अंतर्गत किस्त अदा नहीं की जाती है तो वसूली हेतु नियमित अनुवर्तन किया जाता है।
- ऑउटबाउंड कॉल सेन्टर- इस तंत्र की शुरूआत दिसंबर 2013 में ₹1 लाख से ₹100 लाख से कम तक के बकाया वाले रिटेल ऋण (शिक्षा ऋण छोड़कर) और एसएमई ऋण खातो में अतिदेय राशियों की वसूली हेतु की गई थी । कॉल सेन्टर उधारकर्ताओं को कॉल करता है और शाखाओं को आगे की कार्रवाई हेतु उधारकर्ता-वार ऑटोमेटिड फीडबैक प्राप्त होता है।
- बैंक द्वारा निधि प्रदान करने से पहले ऋण प्रक्रिया लेखा परीक्षा (सीपीए) करने से, सभी मंजूरी शर्तों और नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है। इसी प्रकार सभी पात्र खातों में पैनल के सनदी लेखाकार द्वारा स्टाक एवं प्राप्यों की आवधिक लेखा परीक्षा करने से बैंक को प्रभारित आस्तियों की गुणवत्ता की अभिरक्षा सुनिश्चित होती है।
- सभी अंचलों में आंचलिक ऋण निगरानी समिति की बैठकों का आयोजन किया जाता है जहां बड़े ऋण खातों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाती है।
- दबाव/अस्थायी विपथन के संकेत वाले उधारकर्ताओं की देयताओं की पुनर्रचना की जाती है बशर्ते लंबी अवधि में ये व्यवहार्य हों और वर्तमान आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुरूप उस ऋण को एक अर्जक आस्ति के रूप में बनाए रखना संभव हो । ₹100 लाख एवं अधिक के सभी पुनर्रचित अग्रिमों के संबंध में उचित मूल्य में ह्रास एवं उस पर प्रावधान का परिकलन प्रधान कार्यालय स्तर पर किया जाता है।
- किसी खाते को तीन उपवर्गों सहित एसएमए के रूप मे वर्गीकृत करने हेतु अर्थव्यवस्था में व्यक्ति आस्तियों के पुनरुद्धार की रूपरेखा के अंतर्गत आरबीआई द्वारा हाल ही में जारी दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन किया जा रहा है। सुधार कार्रवाई योजना (सीएपी) अपनाई जा रही है।

एक व्यापक निगरानी मॉड्यूल विकसित किया जा रहा है। (वर्तमान में यूएटी के अंतर्गत) जो एक प्रभावी आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन फ्रेमवर्क के निर्माण में सहायता होगी। इस मॉड्यूल से सभी शाखाओं एवं नियंत्रक कार्यालयों को उनके सभी ऋण आस्तियों की निगरानी हेतु सामान्य एवं वित्तीय अलर्ट्स प्राप्त होंगे। इसमें एसएमए वर्ग के अंतर्गत आस्ति वर्गीकरण शामिल है ।

शाखा नेटवर्क एवं विस्तार

भौगोलिक तौर पर भारत तथा विदेशों में बैंक का काफी विस्तृत शाखा नेटवर्क है। दिनांक 31.03.2014 की स्थिति के अनुसार भारत में बैंक की कुल 4650 शाखाएं थी। विश्व के सभी महत्वपूर्ण वित्तीय केन्द्रों तथा सभी टाइम ज़ोनों में 25 शाखाओं तथा 31 प्रतिनिधि कार्यालयों द्वारा हमारी उपस्थिति का अनुभव होता रहता है।

वर्ष 2013-14 के दौरान बैंक ने 358 नई शाखाओं के सहित 05 विस्तार काउन्टरों को पूर्ण शाखाओं में परिवर्तित किया गया।

बैंक के शाखा नेटवर्क की संरचना निम्नानुसार है:

प्रवर्ग	31.03.2013		31.03.2014	
	शाखाओं की सं	कुल का %	शाखाओं की सं	कुल का %
महानगरीय	787	18.34	833	17.93
शहरी	742	17.29	789	16.98
अर्ध शहरी	1,165	27.14	1,258	27.08
ग्रामीण	1,598	37.23	1,766	38.01
कुल शाखाएं	4,292	100	4,646	100

भारतीय रिज़र्व बैंक की शाखा प्राधिकरण की उदारवादी नीति के अनुसरण में कुछ शाखाओं का स्तानांतरण वैकल्पिक स्थानों पर किया गया तथा कुछ विस्तार काउन्टर जो अच्छी जगह पर स्थित थे उन्हें पूर्ण शाखा में परिवर्तित किया गया। इस नीति को आगामी वर्ष में भी जारी रखने का इरादा है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने परिपत्र क्र. डीबीओडी.नं.बीएपीडी.बीसी.60/22.01.001/2013-14 दिनांक 21.11.2013 द्वारा अपनी शाखा प्राधिकरण नीति को और उदारवादी करते हुए टियर 1 से टियर 6 केन्द्रों पर बिना उनसे पूर्वानुमति लिए बैंकों को शाखाएँ खोलने की अनुमति दी है। बैंक ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए इस प्रवर्ग में शाखाएं खोलने हेतु अंचलों से प्रस्ताव भेजने को कहा है।

एक नज़र में स्थिति

वर्षान्त तक	31.03.2013	31.03.2014
कुल शाखाओं की संख्या	4,341	4,702
विदेशी	49	56
भारतीय	4,292	4,646
जिसमें से :		
महानगरीय	787	833
शहरी	742	789
अर्द्ध शहरी	1,165	1,258
ग्रामीण	1,598	1,766
कम्प्यूटरीकृत शाखाएं		
पूर्णतया कम्प्यूटरीकृत	4,292	4,676
आंशिक कम्प्यूटरीकृत	-	-
विशेषीकृत शाखाएं	271	271
विस्तार पटल	42	36

घरेलू बाजार में कुछ प्रवर्गों की विशिष्ट वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक की 271 विशेषीकृत शाखाएं हैं। इन शाखाओं का विवरण निम्नलिखित है :

क्र.सं.	विशेषीकृत शाखाओं का प्रवर्ग	31.03.2013	31.03.2014
1.	एसएमई शाखाएं	100	100
2.	ओवरसीज़ शाखाएं	03	03
3.	बृहत कार्पोरेट बैंकिंग शाखाएं	10	10
4.	मिड कॉर्पोरेट शाखाएं	42	42
5.	एन.आर.आई. शाखाएं	06	06
6.	आस्ति वसूली शाखाएं	15	15
7.	वाणिज्यिक तथा व्यक्तिगत बैंकिंग शाखाएं	26	26
8.	कोषागार शाखा	01	01

क्र.सं.	विशेषीकृत शाखाओं का प्रवर्ग	31.03.2013	31.03.2014
9.	आवास तथा व्यक्तिगत वित्त शाखाएं	24	24
10.	सरकारी कारोबार शाखा	01	01
11.	बुलियन बैंकिंग शाखा	01	01
12.	सेवा शाखाएं	41	41
13.	केन्द्रीयकृत पेन्शन प्रॉसेसिंग शाखा	01	01
	कुल	**271**	**271**

रिटेल बिज़नस सेन्टरों (आरबीसीज़) को मिला कर

विपणन

नए ग्राहक बनाने और ग्राहकों को मूल्य वर्धित सेवा प्रदान करने के लिए ग्राहक-केन्द्रित प्रक्रियाओं का सृजन करने हेतु बैंक में विपणन विशेष ध्यान का केन्द्र रहा है। हाल में बैंक ने अपनी विपणन व्यवस्था को पुनर्गठित किया है। नई विपणन व्यवस्था जमाराशि संग्रहण (सरकारी जमाराशियां सहित) और ट्रस्ट, एसोसिएशन, क्लब्स एवं सोसाइटीज़ (टीएसीएस), रिटेल एवं एसएमई अग्रिम, वैकल्पिक प्रस्तुति माध्यम (एडीसी) उत्पाद, थर्ड पार्टी उत्पादों की बिक्री, आदि पर विशेष ध्यान देगी। विपणन स्टाफ शाखाओं में तैनात किए गए हैं। शाखाओं/आंचलिक कार्यालय से एटैच्ड हैं और आंचलिक कार्यालय में तैनात विपणन प्रमुख के अधीन कार्यरत हैं।

विपणन टीम को और सशक्त बनाने के लिए, बैंक ने पिछले 3 वित्तीय वर्षों के दौरान 400 से अधिक विशेषज्ञ मार्केटिंग एक्जेक्यूटिव भर्ती किए हैं। यथा 31 मार्च 2014 विपणन के प्रयासों को विशेष ध्यान देने हेतु बैंक में 386 से अधिक मार्केटिंग एक्जेक्यूटिव हैं।

वर्ष 2013-14 के दौरान प्रमुख पहलें :

- **प्रशिक्षण :** सभी अंचलों से विपणन प्रमुखों के लिए प्रबंधन विकास संस्थान (एमडीआई) बेलापुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- **कौशल विकास/उत्पाद अभिवृद्धि :** हमारी विपणन टीम को बैंक की नवीनतम गतिविधियों की जानकारी देने, उत्पाद संबंधी जानकारी में अभिवृद्धि करने हेतु साप्ताहिक उत्पाद ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।
- **ब्रांडिंग गतिविधियां :** इमेज बिल्डिंग/ ब्रांड बिल्डिंग हेतु बैंक ने अगस्त, 2013 माह के दौरान कुछ चुनिंदा राज्यों मे बिग बज़ार स्टार में विज्ञापन एवं ब्रांडिंग कैम्पेन हेतु प्रायोजन किया था। जनवरी 2014 के दौरान स्टैंडर्ड चार्टर्ड मुंबई मैरथन में भी भाग लिया। फरवरी 2014 के दौरान बैंक ने लावासा विमन्स ड्राइव के छठे संस्करण में भाग लिया और आईएल एण्ड एफएस फन रन में सह-प्रायोजक की भूमिका निभाई।
- **कारोबार विकास गतिविधियां :** विपणन टीम ने प्रमुख रूप से कासा सहित रिटेल आस्तियों एवं रिटेल देयताओं के क्षेत्र में कारोबार विकास पर ध्यान केंद्रित किया। नए डायमंड एवं प्लैटिनम खाताधारक जोडने और ऐसे वर्तमान ग्राहकों के साथ रिश्तों को सुदृढ करने पर ज़ोर दिया जा रहा है।
- **लीड मैनेजमेंट सिस्टम :** बैंक के सभी विपणन स्टाफ़ के लिए एलएमएस सॉफ्टवेयर अनिवार्य बनाया गया है। यह प्रणाली विभिन्न स्तरों पर सृजित लीड्स को प्रभावी रूप से कैप्चर, मॉनीटर, ट्रैक करती है और उन्हें बंद करती है एवं उनका विश्लेषण करती है। अंचलों से प्रमुख अधिकारियों के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गई।
- **कैम्पेन/पहल :** बैंक के लिए कासा, रिटेल मीयादी जमाराशियां एवं रिटेल ऋण अर्जित करने हेतु विभिन्न कैम्पेन/पहल शुरू किए गए हैं। वित्तीय वर्ष के दौरान विभिन्न थर्ड पार्टी उत्पादों के लिए रिवार्ड एण्ड रिकग्निशन कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

प्रचार एवं जनसंपर्क

प्रचार एवं जनसंपर्क विभाग ने उच्च प्रबंधन के सफल मार्गदर्शन में बैंक के ब्रांड इमेज की दृश्यता बढाने और बैंक के खुदरा उत्पादों को पूरे भारत में बढ़ावा देने हेतु विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए मल्टी मीडिया कॉर्पोरेट अभियान शुरू किया । मीडिया योजना के लिए हमारे अनुमोदित थीम रिश्तों की जमापूंजी को ही आधार बनाया गया और उसे जारी रखा गया। हमारे सराहे गए टीवीसी (पिगी बैंक, कपल, दोस्ती, क्लोज़िंग टाइम, बस आदि) को विभिन्न रेडियो, टीवी चैनलों और मल्टिप्लेक्स सिनेमा में ऑन स्क्रीन गतिविधियों के माध्यम से प्रसारित किया गया। इस अभियान के ज़रिए बैंक के आवास ऋण, ऑटो ऋण, एसएमई ऋण, शिक्षा ऋण, संपत्ति के निमित्त ऋण, वैकल्पिक प्रस्तुति माध्यम उत्पाद एवं कासा जैसे अन्य उत्पादों का प्रिंट मीडिया द्वारा अर्थात प्रमुख राष्ट्रीय/क्षेत्रीय दैनिकों में विभिन्न विज्ञापनों द्वारा प्रसार किया गया। महानगरीय तथा अन्य केंद्रों के प्रमुख स्थानों, रेलवे तथा एयरपोर्ट होर्डिंग द्वारा ओओएच गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए उसी थीम का प्रयोग किया गया। इस अभियान पहल के कारण अच्छा लाभ मिला और बैंक के उत्पादों को बढावा देने और स्थापित करने के अतिरिक्त कॉर्पोरेट इमेज में भी वृद्धि हुई। अभियान के अलावा विभाग ने हमारे खुदरा उत्पाद गतिविधियों जैसे अचल संपत्ति में निवेश, कार, उपभोक्ता वस्तुएं खरीदने, अक्षय तृतीया, दिवाली और त्यौहारों/ शुभ अवसरों पर सोना अथवा गहने खरीदने के प्रचार-प्रसार का कार्य भी किया गया।

ब्रांड एवं उत्पाद की दृश्यता में अभिवृद्धि करने के लिए विभाग ने कई कार्यक्रम प्रायोजित किए जैसे बडे मल्टि चेन स्टोर, विभिन्न स्पोर्ट्स सूपर सिरीज़ में कुछ बडी गतिविधियों में विज्ञापन, तीर्थयात्रियों के लिए आश्रय स्थल के निर्माण; अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों एवं तकनीकी संस्थानों, राज्य सरकारों के मेगा सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विभिन्न धार्मिक/ कॉलेज/स्कूल कार्यक्रमों, रियल एस्टेट एवं आवास वित्त एक्सपो, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के आईएलएफएस मैरथन, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ड्रीम रन, डॉक्टरों, मेडिकल एसोसिएशनों एवं कैंसर केयर फाउंडेशनों द्वारा मुंबई एवं अहमदाबाद में हेल्थ केयर थीम पर सम्मेलनों में भाग लेना आदि।

हमने विभिन्न प्रकाशकों द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय निवेशक के कॉन्क्लैव में भी सहभागीता की है; SICON-2013 सम्मेलन, इंडियन चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स, भारतीय बैंक संघ, पूरे भारत में कला तथा संस्कृति की देखभाल कर रहे - एफआईसीसीआई, एशोचेम के विभिन्न कार्यक्रमों में विज्ञापन। बैंक की दृश्यता को बढ़ाने के लिए दुबई में आयोजित इंटरनेशनल बैंकिंग ऑपरेशन सेमिनार (एसआईबीओएस) 2013 में सहभागिता और अन्य कई गतिविधियाँ हमारे द्वारा की गई है।

होर्डिंग लगाने की गतिविधियों में ब्रॉंड इमेज को बढ़ाने के लिए महानगरीय और पूरे भारत के महत्वपूर्ण जगहों पर होर्डिंग लगाए गए और मुंबई के विभिन्न जगह अन्य उत्पादों पर नीयन साइन, नई दिल्ली, हैदराबाद, बैंगलोर हवाई अड्डो और विभिन्न रेलवे स्टेशनों और अन्य जगहों पर विभाग द्वारा होर्डिंग प्रदर्शित किए गए।

परिचालनात्मक श्रेष्ठता

बैंक अपने लिए निर्धारित लक्ष्यों को हासिल के लिए ग्राहक केन्द्रित दृष्टिकोण के माध्यम से उत्तम ग्राहक सेवा प्रदान करने की अपनी वचनबद्धता को दोहराता है।

बैंक भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) का 2006 में उसकी शुरूआत से ही, स्वैच्छिक सदस्य रहा है। इसके पीछे बैंक का यह मकसद रहा है कि वह एक पारदर्शी तरीके में उच्च स्तर की सेवा मुहया कराने की अपनी ग्राहक उन्मुखता और वचनबद्धता पर बल दे और ग्राहकों को सुविज्ञ निर्णय लेने के लिए आवश्यक जानकारी मुहया कराए। भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड का परिशोधित कोड 2014 बैंक द्वारा अंगीकार किया गया है और वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है। परिशोधित कोड की प्रतियाँ ग्राहकों की सूचना के लिए ग्राहकों में संवितरित करने के लिए मुद्रित करवाई जा रही है। बैंक ने आईबीए द्वारा बनायी गयी विभिन्न ग्राहक केन्द्रित नीतियों जैसे जमाराशि नीति, चेक वसूली नीति, शिकायत निवारण नीति, प्रतिकार नीति, देयों की वसूली एवं प्रतिभूति पुन: अधिग्रहण नीति को अंगीकर किया है। मृतक घटकों के मामले में सेफ कस्टडी और एसडीवी लॉकर्स से वस्तुओ की सुपुर्दगी के लिए और मृतक जमाराशि खाते में देय के निपटान की प्रक्रिया को सरलीकृत किया है।

- समग्र भारतवर्ष में स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्रों पर चलाए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के सभी सहभागियों को एक लघु फिल्म दिखाई जा रही है यह फिल्म वांछित स्टाफ व्यवहार पर है और पूरी फिल्म बैंक परिसर में ही बनाई गयी है।
- शिकायतों के मूल कारण का विश्लेषण तिमाही अन्तरालों में किया जा रहा है ताकि समस्या वाले क्षेत्रों की पहचान हो सके और त्वरित रूप से प्रधान कार्यालय स्तर पर सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।
- आंचलिक कार्यालयों को अपने स्तर पर ही शिकायतों को बंद करने और मूल कारणों का विश्लेषण करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। इस अभियान से ये प्रत्याशाएं हैं कि इससे शिकायत निवारण का समय घटेगा, नाजुक क्षेत्रों की पहचान होगी और सुधारात्मक कदम उठाए जा सकेंगे।

- संसूचना के इलेक्ट्रानिक रूप के प्रयोग पर संवर्धित बल देने से शिकायतों के लिए प्रतिक्रिया समय अधिकांश मामलों में 10 दिनों तक का हो गया है।
- वेब आधारित ग्राहक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीसीएमएस) शिकायत निवारण में प्रतिक्रिया समय को कम करने और समय पर निवारक उपाय उठाने में सहायता के लिए विश्लेषक रिपोर्ट जनरेट करने के लिए लागू की गई है।
- वर्ष में दो बार ग्राहक सेवा एवं शिकायत निवारण सप्ताह मनाए गए है। इनका प्रयोजन उन्नत ग्राहक सेवा के लिए ग्राहकों और स्टाफ के बीच नज़दीकियां बढ़ाना और तदनुसार तबदीलियां यदि कोई हो, लाना था।
- शाखाओं द्वारा विभिन्न ग्राहक भावन उपायों के अनुपालन का आकलन आंचलिक लेखा परीक्षा कार्यालय के अधिकारियों के माध्यम से किया जा रहा है और तत्पश्चात त्वरित रूप से आवश्यक सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं।
- अनुपालन के स्तर की निगरानी करने के लिए समीप के अंचलों की एक और दो शाखाओं में उप आंचलिक प्रबंधकों द्वारा गुप्त दौरा।
- आरबीआई की क्लीन नोट पॉलिसी नूतन नोट छटाई मशीन/नोट अधिप्रमाणन मशीन के जरिए क्रियान्वित की जा रही है।
- अनिवार्य रूप से अपेक्षित सभी ग्राहक केन्द्रित सूचना ग्राहकों के फायदे के लिए वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाती है और शाखाओं में भी उपलब्ध करायी जाती है।
- आरबीआई द्वारा आदेशित जानकारी वाला अंग्रेजी/हिंदी में व्यापक नोटिस बोर्ड लगाया जाता है और ग्राहक के फायदे के लिए कई जानकारियां हमारी शाखाओं में प्रदर्शित करने के लिए प्रधान कार्यालय से मुद्रित करवायी गयी है और संवितरित की गई है।
- ग्राहकों को उनकी शिकायतें भेजने के लिए ई-मेल, फोन सहित, विभिन्न चैनल उपलब्ध है।
- बैंक सभी शाखाओं में पर्सनलाइज्ड चेक बुक जारी कर रहा है।
- महापे तथा भोपाल में दो कॉल सेन्टर स्थापित किए गए है और विभिन्न स्तरों पर यह पूछताछ /सेवा अनुरोध/शिकायत आदि प्राप्त करेंगे। टोल फ्री सं.1800220229 है और नियमित सं.02240919191 है।
- रिटेल/एसएमई/कृषि/कार्पोरेट खण्डों में समयानुसार प्रोसेसिंग और /एश्कलेशन के लिए क्रेडिट एप्लीकेशन प्रोसेसिंग सिस्टम (सीएपीएस) कार्यान्वित किया गया है।

ग्राहकों के प्रश्नोत्तर के लिए लांग कोड 9225592255 स्थापित किया गया है।

जोखिम प्रबंधन एवं नियंत्रण

जोखिम किसी भी बैंक की गतिविधि का अभिन्न तत्व है। तदनुसार, जोखिम नियंत्रण कार्य का प्रयोजन न सिर्फ जोखिम को कम करना है अपितु संस्था द्वारा भलीभांति पूर्वोपाय की पहचान तथा जोखिम प्रबंधन और इन प्रयासों पर उचित रिपोर्ट तैयार किया जाना सुनिश्चित करना है ताकि उपस्थित जोखिम, परिचालन की निरंतरता हेतु खतरा न बन जाए। इसे ध्यान में रखकर बैंक ने व्यवस्था स्थापित की है एवं बैंक व्यवस्था संचालित करता है जो यह सुनिश्चित करता है कि एकल आधार पर तथा बैंक की समग्र जोखिम स्थिति के संबंध में संगत जोखिम प्रकार का निरंतर मूल्यांकन होता रहे।

बैंक में जोखिम प्रबंधन विभिन्न जोखिम के प्रबंधन के लिए शीर्ष कार्यपालकों की परिचालनात्मक स्तर समिति द्वारा सहायता प्राप्त शीर्ष स्तर पर बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति सहित बोर्ड द्वारा संचालित कार्य है। विभिन्न अवस्था अर्थात पहचान, मापन, निगरानी एवं नियंत्रण सम्मिलित जोखिम प्रबंधन की प्रक्रिया उद्यम बृहत जोखिम प्रबंधन, ऋण जोखिम प्रबंधन, परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन, बाजार जोखिम प्रबंधन, डेरिवेटिव, एएलएम, विदेशी मुद्रा एवं डीलिंग रूम परिचालन हेतु नीतियों में समाविष्ट है। इन अवस्थाओं से एक नियंत्रण चक्र स्थापित होता है, जिसमें फीडबैक एवं फीड फॉरवर्ड लूप भी शामिल होते हैं।

समस्त गतिविधियों एवं उत्पाद में सभी संभावित जोखिम की पहचान, परिभाषा और रिकार्डिंग विस्तृत विश्लेषण के माध्यम से तथा उनकी जांच परिचालनात्मक स्तर पर जोखिम समिति तथा टास्क फोर्स द्वारा की जाती है। बैंक की जोखिम रूपरेखा भी तिमाही आधार पर तैयार की जाती है। विभिन्न साधन एवं प्रणाली जैसे विवेक सम्मत सीमा, नया बासेल अनुवर्ती ऋण श्रेणी निर्धारण मॉडल, ऋण लेखा परीक्षा, बाजार जोखिम हेतु वीएआर मॉडल, परिचालनात्मक जोखिम के लिए मुख्य जोखिम संकेतक की ट्रेकिंग के साथ संयोजित स्वनिर्धारण कार्य द्वारा पहचान किए गए जोखिम के निर्धारण/मापन हेतु प्रारंभ किए गए हैं। विश्लेषण के लिए व्यापक आंक़ड़े उपलब्ध कराने हेतु डाटा वेयरहाउसिंग प्रोजेक्ट कार्यान्वित कीया गया है। बैंक ऋण जोखिम प्रबंधन सॉफ्टवेयर कार्यान्वित कर रही है जो आंक़ड़ों की गुणवत्ता एवं पूर्णता तथा इसके जोखिम प्रबंधन कार्य को अद्यतन करने में बैंक की सहायता करेगा।

31.03.2008 से प्रभावी भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार ऋण एवं बाजार जोखिम हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण तथा परिचालनात्मक जोखिम हेतु मूल संकेतक दृष्टिकोण पर आधारित नयी पूंजी पर्याप्तता संरचना (बासेल II) के अंतर्गत पूंजी पर्याप्तता के परिकलन की दिशा में बैंक स्थानांतरित हुआ है।

विभिन्न जोखिम के निर्धारण/मापन, इसकी जोखिम वहन क्षमता की सीमा एवं जोखिम व जोखिम प्रकृति के संबंध में आंतरिक पूंजी के उचित स्तर के लिए वार्षिक आधार पर बैंक आंतरिक पूंजी पर्याप्तता निर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) कार्य करता है। चरम स्थिति में भी संभावित प्रभाव की बेहतर समझ से बैंक को अवगत कर जोखिम निर्धारण की वृद्धि के लिए दबाव जांच प्रक्रिया क्रियाशील है। भविष्य में जोखिम नियंत्रक कार्य एवं संपूर्ण संस्था दोनों के लिए निर्णय लेने और स्वतंत्र नियंत्रक कार्य के निष्पादन के निर्धारण हेतु भी उपर्युक्त से एक उद्देश्य आधारित कार्य अपेक्षित है।

ऋण जोखिम के तहत पूंजी प्रभार परिकलन के लिए बैंक को फाउन्डेशन इंटर्नल रेटिंग बेस्ड (एफआईआरबी) दृष्टिकोण में बदलने के लिए आरबीआई से अनुमति मिल गई है। बैंक ने परिचालन जोखिम के लिए द स्टैण्डार्डाइज्ड अप्रोच (टीएसए) में बदलने हेतु आवेदन किया है।

जोखिम प्रबंधन प्रणाली की प्रभावशीलता को बढ़ाने और सुदृढ़ करने के लिए बाजार जोखिम के लिए इंटरनल मॉडल अप्रोच (आईएमए) में बदलने के प्रक्रियाधीन है।

बैंक की ब्रॉंड, प्रतिष्ठा और आस्तियों के संरक्षण हेतु आंतरिक नियंत्रण के सुदृढ़ीकरण द्वारा बैंक के बढ़ते हुए कारोबार के धोखाधड़ी जोखिम दूर करने के स्पष्ट उद्देश्य से बैंक के पास सुप्रतिष्ठित धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन प्रणाली है।

आरबीआई के बासेल III दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक पूंजी पर्याप्तता अनुपात का भी परिकलन कर रहा है।

बैंक के पास सुदृढ़ सूचना सुरक्षा प्रणाली और प्रक्रिया है। रियल टाइम सूचना सुरक्षा प्रयास/घटनाओं पर 24x7 आधार पर निगरानी के लिए बैंक ने विभिन्न सूचना सुरक्षा परियोजनाएं कार्यान्वित की हैं। बैंक ने कैप्टिव सिक्युरिटी ऑपरेशन सेन्टर (एसओसी) आरंभ किया है। बैंक ISO 27001, PCI-DSS2.0 और BS25999 प्रमाणित है।

मानव संसाधन विकास

किसी भी संस्था के विकास में मानव संसाधन एक महत्वआपूर्ण भूमिका निभाता है। मानव प्रबंधन का सिलसिला नियुक्ति प्रक्रिया से शुरू होता है तथा विभिन्न गतिविधियों जैसे प्रशिक्षण, स्थापन, कार्यनिष्पादिन समीक्षा, पदोन्नति आदि से होकर गुजरती है। स्पंदनशील संगठनात्मक संस्कृति के सृजन में मानव संसाधन विभाग की एक महत्वपपूर्ण भूमिका है जिसके जरिए कर्मचारियों को अपने सर्वोत्कृष्ट कार्य-निष्पादन के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित किया जाता है।

नीतियां, भर्ती और पदोन्नयति

कॉर्पोरेट लक्ष्यों की प्राप्ति में मानव संसाधन प्रबंधन की महत्वतपूर्ण भूमिका है। बैंकिंग जैसे सेवा आधारित उद्योग में, त्वरित एवं दक्षतापूर्ण सेवा पर ही सफलता निर्भर होती है जिसे सही प्रतिभावान व्यक्तियों की भर्ती, ग्रूमिंग और सही प्लेसमेंट से हासिल किया जा सकता है। पूरे बैंकिंग उद्योग में स्टाफ की कमी की समस्या है और बैंक लिपिकीय एवं अधिकारी वर्ग में कर्मचारियों की भर्ती हेतु भरसक, प्रयत्न कर रहे हैं। सेवा निवृत्त हो रहे कर्मचारियों के बदले युवा कर्मचारियों की भर्ती हेतु सक्रिया प्रयास किए जा रहे हैं। युवा अभ्यर्थियों द्वारा ग्रामीण तैनाती स्वीकार न करने, मौद्रिक क्षतिपूर्ति, संबंधित बैंकों में अत्यधिक स्टाफ की कमी के कारण सभी पीएसबी द्वारा एक साथ भर्ती प्रक्रिया शुरु करने, आदि निहित अवरोधों के बावजूद बैंक इसमें सफल हो सकता है। आने वाले वर्षों में अधिकांश पीएसबी, आईबीपीएस द्वारा आयोजित आम भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती करेंगे जिससे बैंकों में नए भर्ती हुए कर्मचारियों द्वारा बैंक छोड़ने की घटनाओं में गिरावट आएगी।

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान विभिन्न वेतनमानों में सामान्य बैंकिंग एवं विशेषज्ञ प्रवर्ग में 1720 अधिकारियों तथा लिपिकीय संवर्ग में 2448 कर्मचारियों की भर्ती की है।

बैंक ने 1993 सामान्य बैंकिंग अधिकारियों और 3995 लिपिकीय स्टाफ की भर्ती हेतु, कदम उठाए हैं। यह आशा की जाती है कि शाखा विस्तार/कारोबार विस्तार के साथ-साथ सेवानिवृत्ति /वीआरएस के कारण उत्पन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए नए भर्ती हुए लिपिक और अधिकारी वित्तीय वर्ष 2014-15 की पहली तिमाही में रिपोर्ट करेंगे।

एचआर के क्षेत्र में किए जाने वाले अन्ये पहल निम्नानुसार हैं :-

- ★ बैंक की मैनपावर अपेक्षाओं का वैज्ञानिक आकलन जैसे मानव संसाधनों की मदों में पूर्ण समाधान उपलब्ध कराने हेतु और अधिक एचआरएमएस मोड्यूल्स (गतिविधियों) को शामिल और समेकन किये गये हैं;
- ★ वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन प्रणाली का सरलीकरण;

  पदोन्नति नीति को और वस्तुनिष्ठ बनाने और वर्तमान अपेक्षाओं के अनुरुप उसे सुयोग्य बनाने हेतु उसकी समीक्षा;
- ★ महाप्रबंधक (मा.सं.) द्वारा एचआर पहल संबंधित सुझावों के विनिमय, एचआर नीतियों को तात्कालिक बनाने के लिए नियमित रूप से स्टारडेस्क देखा जा रहा है;
- ★ ऋण, फॉरैक्स, विपणन, वसूली जैसे क्षेत्रों में विशेष कुशलता प्राप्त अधिकारियों की पहचान के द्वारा 'टैलेन्ट बैंक' की शुरुआत।
- ★ अधिकारियों के लिए पात्रता शर्तों में ढील देते हुए त्वरित पदोन्नकति प्रक्रिया की शुरुआत;
- ★ कर्मचारियों के लिए, ग्रूप सेविंग्स लिंक्ड इन्स्योरेन्स, डेथ रिलीफ स्कीम, कर्मचारियों के बच्चों के लिए शिक्षा व्यय प्रतिपूर्ति योजना, नकदरहित उपचार हेतु विभिन्नि अस्पतालों के साथ गठबंधन व्यवस्था, सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए चिकित्सा सहायता, जैसे विभिन्न कल्याण उपाय कार्यान्वित किए जा रहे हैं।

अध्ययन एवं विकास

कर्मचारियों के कौशल विकास द्वारा विजेता टीम तैयार करना मानव संसाधन विभाग के कार्य का महत्वपूर्ण अंग है। उपरोक्त के अनुरुप और हमारे बड़े मानव संसाधन पूल के सही सामर्थ्य का पूरा लाभ उठाने की आवश्यकता को पहचानते हुए, मानव संसाधन विभाग से एक अलग प्रभाग अध्यायन एवं विकास का गठन किया गया है। अध्ययन एवं विकास प्रभाग अपने लगातार प्रशिक्षण एवं विकास कार्यक्रमों तथा मौड्यूल्स के जरिये कर्मचारियों को अपने सर्वोष्कृष्ट कार्य-निष्पादन के लिए प्रोत्साहन देता है और प्रेरित करता है, कर्मचारियों की क्षमता में वृद्धि और विभिन्न खण्डों में ग्राहकों नित बदलने वाली कारोबारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्हें सही कौशल और ज्ञान से सज्जित करने में उत्प्रेरक का कार्य करता है। नई पदोन्नति नीति को बोर्ड द्वारा 08.12.2012 अनुमोदन प्रदान किया गया।

पूरे देश में बैंक के छ: प्रशिक्षण महाविद्यालय हैं। प्रबंधन विकास संस्थान (एमडीआई), सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई शीर्ष स्तर की प्रशिक्षण स्थापना है, चार प्रशिक्षण महाविद्यालय (एसटीसी) महत्वपूर्ण के स्थापन भोपाल, चेन्नै, नोएडा और कोलकाता में हैं और एक सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण केन्द्र (आईटीटीसी) पुणे में है। वर्ष 2013-14 के दौरान इन सभी महाविद्यालयों में आयोजित 1013 कार्यक्रमों में बैंक के 24130 कर्मचारियों, आरआरबी और अन्य संगठनों के 1570 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

पिछले वर्ष के दौरान बैंक में 1690 नए सीधे भर्ती अधिकारी तथा 2378 लिपिक भर्ती हुए। इनके लिए सभी प्रशिक्षण केन्द्रों के साथ-साथ बैंकर्स क्रोशन्ट-कोयम्बत्तूर में पृथक इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गये। बैंकर क्रोशन्ट-कोयम्बत्तूर में 688 डीआरओ को इंडक्शन प्रशिक्षण दिया गया जब कि शेष स्टाफ को हमारे केन्द्रों में इंडक्शन प्रशिक्षण दिया गया। ऐसे प्रत्येक बैच को प्राचार्य और महाप्रबंधक एमडीआई, बेलापुर और/अथवा महाप्रबंधक (एचआर) द्वारा बैंक के बीकेसी ऑडिटोरियम या अन्य प्रशिक्षण केंद्रों पर व्यक्तिगत रूप से अथवा वीडियो कॉन्फ्रेंन्सिंग के माध्यम से संबोधित किया गया । कुछ अवसरों पर हमारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीमती वी.आर.अय्यर, कार्यपालक निदेशकगण एवं अनेक महाप्रबंधकों द्वारा डीआरओज़ को संबोधित किया गया। एमडीआई में महिला अधिकारियों और लिपिकों के लिए आयोजित विशेष कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को हमारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीमती वी.आर.अय्यर ने संबोधित किया। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए एमडीआई-बेलापुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

1795 अधिकारियों को भारत में बाहरी संस्थाओं में नामित किया गया और 20 अधिकारियों को प्रशिक्षणों, सम्मेलनों एवं सेमिनारों में भाग लेने के लिए विदेशों में प्रतिनियुक्त किया गया।

एमडीआई बेलापुर ने विदेशी शाखाओं में तैनात स्टांफ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें 26 प्रतिभागी थे।

सभी नए पदोन्नत महाप्रबंधकों, उप महाप्रबंधकों एवं सहायक महाप्रबंधकों के लिए आईआईएम-अहमदाबाद, एएससीआई-हैदराबाद में 5-दिवसीय नेतृत्व एवं परिवर्तन प्रबंधन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रतिष्ठित संस्थान बीआईआरडी लखनऊ में नए चयनित 30 संकाय सदस्यों के लिए 'ट्रेन दि ट्रेनर्स' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आईआईबीएफ, मुंबई और एनआईबीएम-पुणे में आईआर/आईएल तथा सतर्कता विभाग, कासा काउन्टर तथा क्रेडिट काउन्टर पर कार्यरत 202 अधिकारियों के लिए तीन दिन और पांच दिनों का विशिष्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सभी आंचलिक कार्यालयों द्वारा हमारे बैंक के सेवानिवृत्त कार्यपालकों की सहायता से दो महीने के नियमित अंतराल पर क्रेडिट/फॉरैक्स तथा कृषि वित्त/खुदरा बैंकिंग पर कुल 239 तीन दिवसीय लोकेशनल कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें 6420 स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षण दिए गए।

बैंक ने 63 अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग अनुभव हेतु विदेशी शाखाओं में प्रतिनियुक्त किया। इन सभी अधिकारियों को ट्रेज़री शाखा अंतर्राष्ट्रीय विभाग, प्रधान कार्यालय, मुंबई ओवरसीज़ शाखा में ऑन द जॉब ट्रेनिंग दिया गया।

बाहरी संस्थाओं के लिए बैंक के प्रशिक्षण केन्द्रों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जैसे फेडाई की ओर से एमडीआई-बेलापुर, एसटीसी, भोपाल और एसटीसी नोएडा और एसटीसी चेन्नै में ''विदेशी विनिमय पर एक सप्ताह का अभिमुखीकरण कार्यक्रम'', एसटीसी-नोएडा में ''सेन्ट्रल बैंक के डीआरओज़ के लिए इंडक्शन प्रशिक्षण'', बैंक के डीलरों के लिए एमडीआई ने ''बोर्स प्रोग्राम'' का भी आयोजन किया जिसमें अन्य बैंक के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

आंचलिक कार्यालयों तथा प्रधान कार्यालय के स्केल I से IV तक के सभी अधिकारियों के लिए ऑन-लाइन प्रोडक्ट नॉलेज टेस्ट किया गया।

समाज के प्रति हमारे कर्तव्य का निर्वाह करते हुए विभिन्न' प्रबंधन संस्थाओं से 469 छात्रों ने बैंक में समर इन्टर्नशिप का लाभ उठाया।

7 आरबीआई अधिकारियों के लिए आरबीआई अधिकारियों के लिए वाणिज्यिक बैंक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

नई दिल्ली अंचल में आईबीपीएस के पत्र में अधिकारियों/लिपिकों के साक्षात्कार आयोजित करने के लिए हमारा बैंक नोडल बैंक है। एसटीसी-नोयडा ने दिसंबर 2013 और जनवरी 2014 महीनों में इन साक्षात्कारों का आयोजन किया।

एचआरएमएस के अंतर्गत ट्रेनिंग मॉड्यूल को लाइव बनाकर बैंक की प्रशिक्षण प्रणाली ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इससे आंचलिक स्तर पर बैंक में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन नामांकन करने में सुविधा हुई है और नामांकनों की निगरानी हेतु प्रधान कार्यालय स्तर पर रिपोर्ट का सृजन होता है।

यथा 31.03.2014 बैंक में 17581 अधिकारियों, 17940 लिपिकों और 7622 सहायक स्टाफ, कुल 43143 का वैश्विक मानव संसाधन प्रतिभा उपलब्ध है।

गृह पत्रिका प्रकाशन (तारांगण तथा बीओआई गाइडिंग स्टार)

पिछले 49 वर्षों से हमारी गृह पत्रिका 'तारांगण' बैंक के आंतरिक संसूचना हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह बैंक के प्रति कर्मचारियों की वचनबद्धता बढ़ाने का एक माध्यम है। यह एक ऐसा मंच है जिसमें लेखों, कविताओं, अनुभवों, कार्टुनों आदि के जरिए कर्मचारी अपनी सृजनशीलता का इज़हार कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त हमारी गृह पत्रिका में ग्राहकों की सफलता की कहानियां, ग्राहकों की सामाजिक, पदोन्नती संबंधित विशेष उपलब्धियां भी रहती हैं। प्रत्येक अंचल में 'तारांगण' से संबंधित कार्यों को देखने के लिए आंचलिक प्रतिनिधि हैं। हमारी गृह-पत्रिका का मूल उद्देश्य हमारे स्टाफ सदस्यों के बीच आंतरिक संसूचना हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है।

हमारी गृह-पत्रिका ने 2013 के दौरान कई प्रतिष्ठित संस्थाओं से पुरस्कार प्राप्त किए हैं जिसमें गृह पत्रिका में ब्रांड एक्सेलन्स के लिए अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार शामिल है। प्राप्त पुरस्कार का ब्यौरा निम्नानुसार है:

- सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार दुबई में 24 सितंबर, 2013 को आयोजित 'थर्ड एशियन लीडरशीप एवार्ड 2013' के दौरान एशियन कॉन्फडरेशन ऑफ बिजनेस द्वारा गृह पत्रिका में ब्रांड एक्सलन्स पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- राष्ट्रीय पुरस्कार पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई), नई दिल्ली से अंग्रेजी पत्रिका के वर्ग में तृतीय पुरस्कार मार्च 2013 संस्करण सेल्यूट टू वूमेन पॉवर के लिए प्राप्त हुआ।
- चार पुरस्कार एशोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्यूनिकेटस ऑफ इंडिया (एबीसीआई) से 18 अक्टूबर, 2013 को मुंबई में चार श्रेणियों में यथा हेडलाइन स्वर्ण, फीचर्स (लेंग्वेज) सिल्वर, स्पेशल कॉलम (लेंग्वेज) सिल्वर, फोटोग्राफी ब्रोंज़ पुरस्कार मिलें।
- भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 28 अगस्त, 2013 को सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको के मध्य हमारी पत्रिका को 'चतुर्थ' पुरस्कार प्राप्त हुआ।

शैलेजा नायर फाउन्डेशन (आईसीई) ने 27 जून, 2013 को आयोजित आईसीई इन-हाउस कम्यूनिकेशन एक्शलन्स एवार्ड में हमारी पत्रिका को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट दिया।

कार्पोरेट जानकारी की पत्रिका 'बीओआई गाइडिंग स्टार' का आरंभ

मजबूत आंतरिक संसूचना का होना बहुत महत्वपूर्ण है। यह महसूस किया गया कि अन्य कार्पोरेट नेतृत्व के विचारों को सुनने और शेयर करने के लिए बाह्य संसूचना होनी चाहिए।

इस परिप्रेक्ष्य में एक नया कार्पोरेट नॉलेज मैगज़ीन 'बीओआई गाइडिंग स्टार' बैनकॉन 2013 के दौरान नवबंर, 2013 में आरंभ की गई जो बैंक और हाई प्रोफाइल के बीच अनन्य कार्पोरेट संसूचना है जिसमें भारत के प्रतिष्ठित विजन लीडर, संघ सरकार और आरबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों, कार्पोरेट कंपनियों के फ्रान्टलाइन सीईओ, सीएमडी, ईडी तथा वित्तीय क्षेत्र के एक्सपर्ट, प्रोद्योगिकी नेतृत्व, प्रबंधन गुरू, शिक्षक, आईआईएम, आईआईटी तथा प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों, आर्थिक पत्राकार तथा मीडिया शख्सियत, विज्ञापन तथा विपणन विशेषज्ञ और कला के शख्सियत शामिल है। इसके दो संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं और उद्योग जगत के नेताओं से अच्छी फीडबैक मिली है।

आरक्षण नीति का अनुपालन

बैंक, भारत सरकार की आरक्षण नीति का पूर्णत: अनुपालन कर रहा है। प्रधान कार्यालय/आंचलिक कार्यालयों में विशेष भर्ती एवं एससी/एसटी कक्ष आरक्षण नीति के कार्यान्वपयन और एससी/एसटी/ओबीसी कर्मचारियों से संबंधित शिकायतों के निवारण की निगरानी के लिए कार्यशील हैं।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों/स्टाफ को लिपिकीय संवर्ग से सामान्य/ बैंकिंग अधिकारी संवर्ग में और अधिकारी सवंर्ग के भीतर वेतनमान I से वेतनमान II, वेतनमान II से वेतनमान III में पदोन्नतियों के लिए भर्ती पूर्व और पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्ष 2013-14 के दौरान एससी/एसटी कर्मचारियों को प्रदान किए गए भर्ती पूर्व और पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण के विवरण निम्नानुसार हैं :

क्र. सं.	संवर्ग	भर्ती पूर्व प्रशिक्षण					पदोन्नपति पूर्व प्रशिक्षण						
		कार्यक्रमों की संख्या	अवधि	एससी	एसटी	कुल	कार्यक्रमों की संख्या	अवधि	एससी	एसटी	ओबीसी	पी/एच	कुल
क)	अधिकारी	-	-	-	-	-	25	6	723	293	0	0	1016
ख)	लिपिक	-	-	-	-	-	23	6	698	306	0	0	1004
ग)	अधीनस्थस कर्मचारी	-	-	-	-	-							
	कुल	-	-	-	-	-							2020

बैंक ने प्रधान कार्यालय में क्रमश: ओबीसी तथा एससी/एसटी के लिए मुख्य सम्पर्क अधिकारियों के रुप में महाप्रबंधक को नियुक्त किया है। एससी/एसटी/ओबीसी प्रवर्गों से संबंधित अधिकारी सम्पर्क अधिकारी/कक्ष अधिकारी के रुप में आंचलिक कार्यालयों में नियुक्त/ किए हैं। सरकारी दिशानिर्देशों की शर्तों के अनुसार प्रधान कार्यालय/ आंचलिक कार्यालय में पद आधारित आरक्षण रोस्टर का रखरखाव किया जाता हैं जिसका निरीक्षण वार्षिक आधार पर किया जाता है। प्रधान कार्यालय एवं आंचलिक कार्यालयों में स्थाजपित एससी/एसटी कक्ष भूतपूर्व सैनिकों/अशक्त व्यक्तियों जैसे प्रवर्गों के संबंध में आरक्षण के कार्यान्वयन के साथ भी सम्बद्ध है।

कुल स्टाफ संख्य (भारतीय) में एससी/एसटी/ओबीसी का प्रतिनिधित्व (भारतीय)

मार्च2013	अधिकारी	लिपिक	अधीनस्थ स्टाफ	कुल
अनुसूचित जाति	2958	3025	2736	8719
भारतीय कार्यालयों में कुल स्टाफ का %	16.82	16.86	35.90	20.21
अनुसूचित जनजाति	1326	1842	796	3964
भारतीय कार्यालयों में कुल स्टाफ का %	7.54	10.27	10.44	9.19
अन्य4 पिछड़ी जातियां	2492	2132	1226	5850
भारतीय कार्यालयों में कुल स्टाफ का %	14.17	11.88	16.09	13.54

विधि

विधि विभाग आंतरिक सुविधादाता के रुप में कार्य करता है और प्रधान कार्यालय में कार्यरत विभागों में उत्पन्न विभिन्न मामलों में राय देने, दस्ता वेजीकरण, वाद-विवादों आदि की देखभाल करता है, इसके अतिरिक्त विभिन्न एनबीजी/अंचलों, भारतीय शाखाओं तथा बैंक की अनुषंगियों से राय, वाद-विवाद तथा वित्त दस्ताजों के मसौदे/ वेटिंग का कार्य करता है जो किसी विशेष मंजूरी/आवश्यिकताओं/अद्यतनों/दस्तावेजों के परिशोधन हेतु उचित है। विधि विभाग विशेषज्ञ विभाग जैसे सूचना प्रौद्योगिकी/ अंतर्राष्ट्रीय/कोषागार/कार्ड उत्पाद आदि की विशिष्ट जरुरतों को पूरा करता है जैसे विभिन् करार/सर्विस लेवल एग्रीमेंट (एसएलए) (सॉफ्टवेयर/हार्डवेयर खरीदना, सेवा स्तवर के करार, विभिन्न प्रकार की टाई-अप व्यवस्थाएं/नए उत्पाद आदि) के दस्तावेजों का मसौदा तैयार करना/वेटिंग करना।

हमारे समाज में सूचना का अधिकार अधिनियम ने मुख्य भूमिका ले ली है और बैंक में विभिन्न स्तरों पर बहुत अधिक आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। बैंक ने विभिन्न अंचलों/एनबीजी में केन्द्रीय जन सूचना प्राधिकारी और अपील अधिकारी अभिनिर्धारित किया है। विधि विभाग के उपमहाप्रबंधक/सहायक महाप्रबंधक (विधि) भी बैंक, प्रधान कार्यालय के पदनामित सीपीआईओ हैं और विधि विभाग के महाप्रबंधक अपील प्राधिकारी है। जिसमें प्रधान कार्यालय के विभिन्न विभागों से आवश्यक सूचना प्राप्त करके नियत 30 दिनों की समय सीमा के अंदर आवेदक को भेजना और अन्य अंचलों/एनबीजी को विशिष्ट बिन्दुओं पर मार्गदर्शन देना शामिल है। स्टाफ सदस्यों के बीच जागरुकता पैदा करने के लिए विधि विभाग द्वारा 'लिगल न्यूसलेटर' नियमित रुप से जारी किया जाता है और परिचालित किया जाता है। इसके अलावा नवीनतम विधि मामलों में समय-समय पर परिपत्र जारी किया जाता है।

- बैंक द्वारा दायर वाद के संबंध में वाद पत्र अनुमोदन करना
- परिसर से संबंधित विधि मामले जिसमें बिक्री/पट्टा विलेख का वेटिंग, राय मुहया करवाना आदि शामिल है।
- शेयर ट्रैन्सामिशन के मामले
- भारतीय रिजर्व बैंक, वित्त मंत्रालय आदि जैसे विभिन्न नियामक प्राधिकारियों के लिए दायर वाद/डिक्री मामलों से संबंधित डेटा/आंकड़ो को संग्रह करना और प्रस्तुत करना। 1 करोड़ और अधिक के मामलों की निगरानी करना।
- बैंक के विरुद्ध दायर याचिकाओ, मामलों, अपीलों, दावों आदि पर सलाह देना और जहा भी जरुरत हो आवेदनों/शपथ पत्रों की वेटिंग करना।
- बैंक के विरुद्ध मामलों/आकस्मिक देयता के मामलों का विवरण तैयार करना, अंचलों से अनुवर्ती कार्रवाई आदि

- मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक और आईबीए के विभिन्न मामलों पर विभिन्न प्रश्नों का जवाब देना जिसमें विभिन्न अधिनियम के संदर्भ के अंतर्गत नए विधि/संशोधन शामिल है।
- लिगल न्यूसलेटर
- नागरिक द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत किए गए अनुरोध का उत्तर देना इसमें अनुरोध का प्रसंस्करण करना, संबंधित विभाग को उसे अग्रेषित करना, अनुवर्ती कार्रवाई करना, संबंधित विभाग से जानकारी संग्रह करना और समयानुसार उत्तर (30 दिनों के अंदर) देना शामिल है। यदि ऐसे आदेशों पर अपील की जाती है तो उस अपील का आगे प्रसंस्करण करना और समयानुसार उसका निपटान करना। इसके अतिरिक्त, सूचना का अधिकार के अंतर्गत प्रश्नों का उत्तर देने के लिए अंचलों और शाखाओं का मार्गदर्शन करता है। जब भी आवश्यकता हो विधि विभाग सीआईसी के समक्ष पार्टियों द्वारा दायर अपीलों की सुनवाई के लिए सीआईसी के सामने प्रस्तुत होते हैं।

अनुपालन

विनियामक के संदर्भ में अनुपालन काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि विनियमों की संख्या बढ़ रही है और एक संस्था में अनुपालन की आवश्यकता के संबंध में बड़े पैमाने पर समझ की कमी है। इस प्रकार अनुपालन, तेजी से कार्पोरेट प्रशासन के लिए चिंता का विषय बन गया है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप बैंक की अनुपालन कार्यनीति बैंक के बोर्ड द्वारा अपनाई गई है। बैंक में महाप्रबंधक की श्रेणी के मुख्य अनुपालन अधिकारी के नेतृत्व में स्वतंत्र अनुपालन विभाग कार्य कर रहा है। बैंक के सांविधिक, विनियामक एवं आंतरिक दिशानिर्देशों का अनुपालन, बैंक के अनुपालन कार्य का परिचालन कार्य क्षेत्र है।

विभाग ने शाखा बैंकिंग के निम्नलिखित क्षेत्रों के लिए अनुपालन नियम तैयार किया है :

विवरणी	आवृत्ति	नियमों की सं.
अपने ग्राहक को जानिए/धनशोधन निवारण/ आंतकवाद के वित्त पोषण का प्रतिरोध (सीएएफटी)	मासिक	51
जमा राशिया व सेवाएं	तिमाही	59
अग्रिम	तिमाही	59
एफईएमए	तिमाही	119

उपर्युक्त नियमों का प्रमाणीकरण निर्धारित अंतराल में प्रत्येक अंचल द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। पूरे भारत वर्ष में विभाग द्वारा कुछ चुनी हुई शाखाओं में नियमों पर आधारित अर्ध वार्षिक अनुपालन परीक्षण किया जाता है। इस अनुपालन परीक्षण में पाए गए परिणामों की रिपोर्ट उच्च प्रबंधन के समक्ष प्रस्तुत की जाती है। प्रत्येक अंचल के अनुपालन कार्य की निगरानी के लिए संबंधित आंचलिक कार्यालय में अनुपालन अधिकारी अभिनिर्धारित किए गए हैं। विदेशों में अनुपालन के लिए भी विभाग जिम्मेदार है। विदेशी शाखाओं में क्लस्टर स्तर पर निगरानी की जाती है।

अनुपालन विभाग, अन्य बातों के साथ-साथ बोर्ड/सर्वोच्च प्रबंधन/प्रधान कार्यालय के विभागों को निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत करता है :

i. बोर्ड को विदेशों में विनियामकों के उल्लंघन, यदि कोई हो, पर मासिक सर्टिफिकेट प्रस्तुत किया जाता है;
ii. बोर्ड को डेरिवेटिव्स के संबंध में मासिक रिपोर्ट;
iii. बैंक के समक्ष अनुपालन जोखिम पर मासिक नोट सर्वोच्च प्रबंधन को प्रस्तुत करना;
iv. केवाईसी/एएमएल/सीएफटी में लिए गए प्रमुख पहलों पर मासिक नोट बोर्ड को प्रस्तुत करना।
v. मासिक आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्रों का सारांश और उसका अनुपालन बोर्ड को प्रस्तुत करना;
vi. विदेशी केन्द्रों से प्राप्त घोषणाओं के आधार पर विदेशी केन्द्रों में विभिन्न विनियामक ज़रूरतों का पालन किया जा रहा है, इस संबंध में उच्च प्रबंधन को मासिक प्रमाणपत्र;
vii. बोर्ड को बैंक के अनुपालन कार्य पर तिमाही रिपोर्ट प्रस्तुत करना;
viii. संबंधित अंचलों से अनुवर्ती कार्रवाई/सुधार के लिए अनुपालन चूक के उदाहरण प्रधान कार्यालय के विभागों को देना;
ix. बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति को तिमाही आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी विभिन्न परिपत्रों /अनुदेशों पर बैंक का अनुपालन प्रस्तुत करना;
x. बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति को केवाईसी/एएमएल/सीएफटी के कार्यान्वयन समीक्षा की तिमाही रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है।
xi. आरबीआई द्वारा विनिर्दिष्ट कैलेन्डर ऑफ रिव्यू की निगरानी और बोर्ड को इस पर तिमाही आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना।
xii. कम्प्लायंस फंग्शन पॉलिसी के पैरा 12 (xii) के अनुसार, विभाग अपनी कार्यात्मकता पर एक वार्षिक रिपोर्ट बोर्ड को प्रस्तुत करेगा।

विभाग को बैंक में अपने ग्राहक को जानिए/धनशोधन निवारण उपाय/सीएफटी दिशानिदशों को लागू करने/निगरानी रखने की जिम्मेदारी भी दी गई है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशानुसार विभाग ने सभी वर्तमान खातों में केवायसी मानदण्ड के अनुपालन को सुनिश्चित करने का काम गंभीरता से लिया है। फिनेकल सिस्टम में प्रत्येक खाते में केवाईसी स्थिति को नोट करने के लिए अलग अनिवार्य फिल्ड डाला गया है। सभी शाखाओं में केवाईसी अनुपालन न किए गए खातों को पहचानने, केवाईसी दस्तावेज प्राप्त करने तथा फिनेकल सिस्टम को उचित रुप से अद्यतन करने की प्रक्रिया चल रही है।

धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएल अधिनियम) के उपबंधों के अनुसार और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और केवाईसी के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार शाखाएं, ग्राहकों के सही पहचान के लिए नवीनतम फोटोग्राफ, पहचान का प्रमाण तथा वर्तमान पते का प्रमाण प्राप्त कर रही है। कम आय समूह के व्यक्तियों के खाते खोलते समय सरलीकृत केवाईसी मानदंड शुरु किए गए हैं। सभी ग्राहकों को जोखिम धारणा के आधार पर उच्च, मध्यम व न्यून जोखिम प्रवर्ग में वर्गीकृत किया गया है। वर्तमान आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार जोखिम वर्गीकरण की समीक्षा प्रत्येक छह महीने में की जानी चाहिए। 30.09.2012 से अर्ध वर्ष की समाप्ती से खातों की जोखिम प्रवर्गीकरण की समीक्षा को प्रधान कार्यालय में केन्द्रीयकृत कर लिया गया है।

बैंक ने धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों और उसके संशोधनों को निम्ना नुसार कार्यान्वित किया है:

1. प्रिंसिपल अधिकारी की नियुक्ति की गई है (मुख्य अनुपालन अधिकारी ही धनशोधन रिपोर्टिंग अधिकारी एमएलआरओ है);
2. बैंक वित्तीय आसूचना ईकाई-भारत (एफआईयू-आईएनडी), नई दिल्ली को ₹10 लाख से अधिक के संव्यमवहार के संबंध में मासिक कैश ट्रान्जैक्शन रिपोर्ट (सीटीआर) प्रस्तुत कर रहा है;
3. बैंक एनपीओ के खातों में ₹10 लाख से अधिक अथवा उसके समतुल्य विदेशी मुद्रा के जमा के संबंध में मासिक नॉन-प्रोफिट ऑरगनाइज़ेशन ट्रान्जैक्शन रिपोर्ट (एनपीओटीआर) प्रस्तुत करता है;
4. बैंक एफईयू-आईएनडी को पहचान होने पर, संदिग्ध संव्व्यहार रिपोर्ट (एसटीआर) तथा जाली करेंसी रिपोर्ट (सीसीआर) भी प्रस्तुत करता है;
5. पीएमएल अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार रिकार्डों का परिक्षण तथा रखरखाव;
6. क्रॉस बार्डर वायर ट्रान्सफर पर एफआईयू-आईएनडी ने नया रिपोर्ट आरंभ किया है अर्थात् ₹ 5 लाख से अधिक अथवा विदेशी मुद्रा में उसके समतुल्य क्रॉस बार्डर वायर ट्रान्सफर पर मासिक रिपोर्ट; बैंक इसे भेजने के प्रक्रियाधीन है।

धनशोधन निवारण अधिनियम के अंतर्गत संदिग्ध संव्यवहारों को अभिनिर्धारित करने के लिए बैंक ने एन्टी मनी लॉन्डरिंग सॉफ्टवेयर (एएमएलओसीके) प्राप्त किया है। बैंक ने काफी सारे आईबीए अलर्ट सिनेरीओ भी अपनाई जा रही है। 30.06.2014 तक शेष सिरीओ भी कार्यान्वनत किए जाएंगे। औसतन यह सॉफ्टवेयर प्रतिदिन करीब 30,000 अलर्टस् (आईबीए के अलर्ट सिनेरीओ के कार्यान्वयन के बाद) जेनरेट करती है। विभाग द्वारा इन अलर्टों की जांच की जाती है। जहाँ भी आवश्यकता हो अंचलों/शाखाओं के साथ अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है और यदि अंचल/शाखा के स्पष्टीकरण से बैंक संतुष्ट नही हीं है तो एफआईयू आईएनडी को संदीग्ध संव्यवहार रिपोर्ट (एसटीआर) दर्ज करती है।

विभाग प्रधान कार्यालय के सभी विभागों के बीच समन्वय करके भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वार्षिक वित्तीय निरीक्षण (एएफआई) के कार्य की देखभाल करती है। एएफआई रिपोर्टों की जांच की जाती है तथा भारतीय रिज़र्व बैंक को अनुपालन प्रस्तुत की जाती है। वर्ष 2012-13 से आरबीआई ने एएफआई के बदले जोखिम आधारित पर्यवेक्षण (आरबीएस) आरंभ किया है। वर्ष 2012-13 के लिए आरबीएस 16.12.2013 को आरंभ की गई तथा 25.02.2014 को समाप्त की गई। 28.03.2014 को यह रिपोर्ट प्राप्ति की गई। बैंक इसमें दी गई टिप्पणियों पर उत्तर तैयार कर रहा है।

सभी नियन्त्रक एजेन्सियों का बैंक से संपर्क के लिए यह विभाग एकल संपर्क बिन्दु है।

सतर्कता

वित्त मंत्रालय तथा केन्द्रीय सतर्कता आयोग की सहमति से नियुक्त महाप्रबंधक श्रेणी के मुख्य सतर्कता अधिकारी बैंक की सर्तकता व्यवस्था के प्रमुख है। सभी सतर्कता मामलों में अनुशासनिक प्राधिकारियों/नियंत्रक प्राधिकारियों को सलाह देने के लिए सीवीओ को ऐसे अधिकारियों की सहायता प्राप्त है जिन्हें अन्वेषण और अनुशासनिक कार्रवाई के मामलों के साथ-साथ बैंकिंग का ज्ञान/ इन क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव है। सतर्कता विभाग, निवारक सतर्कता उपायों के प्रचार-प्रसार का भी ध्यान रखता है। इस संबंध में सतर्कता मामलों पर कार्य करने के लिए बैंक द्वारा पाँच स्वतंत्र सतर्कता युनिट्स बनाए गए हैं।

धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन

धोखाधडी जोखिम प्रबंधन विभाग के मुख्य कार्य हैं:

- ★ धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग और निगरानी
- ★ धोखाधड़ी पर केन्द्रीयकृत डेटा का रखरखाव
- ★ किए गए तथा प्रयास किए गए धोखाधड़ी का विश्लेषण
- ★ धोखाधड़ी में निहित रकम का प्रावधानीकरण और लेखांकन
- ★ धोखाधडी निवारक पर प्रशिक्षण के जरिए स्टाफ को सुग्राही बनाना।
- ★ बैंक के लिए एफआरएम नीति तैयार करना और क्रियान्वयन करना।
- ★ प्रधान कार्यालय में धोखाधड़ी के टास्क फोर्स की बैठक आयोजित करना।
- ★ धोखाधड़ी खातों में वसूली के लिए अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- ★ सिस्टम, कार्यविधियों और प्रथाओं की कमियां जिसके कारण धोखाधड़ी हो रही हैं उन्हें बंद करना।
- ★ परिपत्रों/अनुदेशों के जरिए धोखाधड़ी की कार्य-प्रणाली और घटने के कारणों की जानकारी देना ताकि उस प्रकार के धोखाधड़ी को पुन: घटने से रोका जा सके।

  धोखाधड़ी के कारण हुए नुकसान के बीमा दावा से सभी पक्षों का प्रबंधन।
- ★ आराअईएमएस, एक बाह्य एप्लीकैशन, की सहायता से जेनरेट किए गए अलर्ट की ऑनलाइन निगरानी

निरीक्षण तथा लेखा परीक्षा

